वर्ष- 22 अंक - 105 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 28 सितंबर 2026

सेंसेक्स हुआ धड़ाम अरबों रुपए स्वाहा

मुंबई.एजेंसी। शेयर बाजार में पैसे लगाने वालों के लिए आज बाजार की शुरुआत बेहद खराब रही। सेंसेक्स-निफ्टी दोनों इंडेक्स खुलने के साथ ही क्रैश हो गए। एक ओर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स ओपन होते ही 700 अंक से ज्यादा का गोता लगा गया, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी इंडेक्स एक झटके में 23,000 के स्तर के नीचे आ गया। शेयर मार्केट में मची इस तबाही के चलते निवेशकों की अरबों की रकम स्वाहा हो गई। सेंसेक्स में 750 अंक की गिरावट आई। इसी तरह निफ्टी भी 271 अंकों की गिरावट लेकर 22,869 के लेवल पर ट्रेड कर रहा था।

गांव बिकाऊ है

सोलापुर.एजेंसी। महाराष्ट्र के कई गांवों में आज भी पानी संकट है। इस बीच सोलापुर के तुलसी गांव में ग्रामीणों ने एक पोस्टर लगाया है। पोस्टर पर लिखा है कि यह गांव बिक्री के लिए है। ये शब्द उन निवासियों के गुस्से, तंज और गहरी बेचैनी को जाहिर कर रहे हैं जो दशकों से गांव में सिंचाई के लिए पानी का इंतजार कर रहे हैं।

रनवे से टकराया प्लेन

बेंगलुरु.एजेंसी। गुवाहाटी से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट का बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया। हालांकि विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और सभी यात्री बिना किसी परेशानी के विमान से बाहर आ गए।

काले श्वान ने 35 लोगों को काटा

शिवपुरी.एजेंसी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी में एक काले श्वान ने लोगों के बीच दहशत फैला दी। इस श्वान ने पिछले दो दिनों में करीब 35 लोगों को काटकर घायल कर दिया। श्वान ने बच्चों से लेकर बड़ों तक को अपना शिकार बनाया। एक के बाद एक लोगों पर हमले की खबर सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। कुछ दिन पहले भी एक श्वान ने करीब 100 लोगों को अपना शिकार बनाया था।

एसआईआर को लेकर भोपाल में कांग्रेस का प्रदर्शन

भोपाल.एजेंसी। मध्य प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर आज भोपाल में कांग्रेस के कार्यकर्ता पीसीसी से लेकर अरेरा हिल्स स्थित निर्वाचन सदन तक मार्च करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे।

उज्जैन में मस्जिद का हिस्सा तोड़ने के विरोध में पथराव

मस्जिद में घुसने का प्रयास, नारेबाजी सैकड़ों पुलिसकर्मी तैनात

पुलिस ने आंसूगैस छोड़ी, महिला थाना प्रभारी घायल

उज्जैन ● एजेंसी

उज्जैन में सिंहस्थ के लिए सड़क चौड़ीकरण के तहत शाही मस्जिद का एक हिस्सा तोड़े जाने को लेकर बवाल बढ़ गया। कल रात को मुस्लिम समाज के हजारों लोग यहां पहुंचे थे। आज सुबह मुस्लिम समाज के एक गुट ने मस्जिद का हिस्सा तोड़ना शुरू किया तो मुस्लिम समाज के दूसरे गुट ने यहां पथराव शुरू कर दिया। इस पथराव से महिला थाना प्रभारी पुष्पा पांचाल घायल हो गईं। पथराव के बाद पुलिस ने भी आंसूगैस छोड़कर उपद्रवियों को खदेड़ने का प्रयास किया। आंसूगैस के बाद भी भीड़ पथराव करती रही। शाही मस्जिद को तोड़ने के विरोध में मुस्लिम महिलाओं ने नाका नंबर 5 पर चक्का जाम कर दिया। बड़ी संख्या में महिलाएं सड़क पर बैठ गईं।

उज्जैन में सिंहस्थ के लिए सड़कें चौड़ी की जा रही हैं। इसके लिए कई धर्म स्थल हटाए जा चुके हैं, लेकिन शाही मस्जिद को तोड़ने का मुस्लिम समुदाय विरोध कर रहा है। आज सुबह यहां बैरिकेडिंग कर बड़ी तादाद में पुलिसकर्मी तैनात किए गए और सैकड़ों मुस्लिम भी यहां पहुंच गए। इनमें से कई ने मस्जिद में घुसने का प्रयास किया और नारेबाजी की। कल रात को भी मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग यहां पहुंचे थे, बाद में प्रशासन ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से बात कर सहमति बनाई। मुस्लिम समाज ने कहा कि वह मस्जिद के हिस्से को खुद हटाएगा। आज सुबह मुस्लिम समाज के लोग मस्जिद का हिस्सा खुद हटाने के लिए हथौड़ा, छैनी और अन्य औजार लेकर पहुंचे। जिसका विरोध करते हुए 100 से अधिक लोगों ने शाही मस्जिद के क्षेत्र में जबरन प्रवेश करने का प्रयास किया। इनमें कुछ महिलाएं भी शामिल थीं। इस दौरान नारेबाजी भी की गई। बाद में भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने आंसूगैस छोड़ी इसके बावजूद भीड़ पथराव करती रही। एक तरह से मुस्लिम समुदाय यहां दो गुटों में बंटा नजर आया। इस मामले में हाईकोर्ट की इंदौर बैंच में सुनवाई होना है। ज्ञात रहे कि कल मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने हाथ से अपना मकान तोड़ने की शुरुआत की थी।

ब्रिटेन के आरएएफ फेयरबोर्ड को उड़ाने की साजिश, 5 गिरफ्तार

ईरान से कनेक्शन, ट्रंप बोले- बड़ा नुकसान करने की तैयारी में थे

लंदन ● एजेंसी

ब्रिटेन में एक अमेरिकी सैन्य एयरबेस के पास पांच लोगों की गिरफ्तारी से हड़कंप मच गया। ये लोग दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के ग्लॉस्टरशायर में आएएफ फेयरफोर्ड के पास पकड़े गए हैं।

इस एयरबेस का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में हुआ है, इसलिए मामले में ईरान कनेक्शन की भी जांच हो रही है। पुलिस को तीन संदिग्ध वाहनों के एयरबेस की तरफ बढ़ने की सूचना मिली थी। इसके बाद हथियारबंद पुलिस मौके पर पहुंची और पांच लोगों को गिरफ्तार किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि पकड़े गए पांचों लोग फेयरफोर्ड को उड़ाने और बड़ा नुकसान करने की तैयारी में थे।

ईरान के हाथ लगा यूएस का दूसरा अंडरवॉटर जासूस?

तेहरान.एजेंसी। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स यानी आईआरजीसी ने होर्मुज स्ट्रेट में एक और अमेरिकी अंडरवॉटर ड्रोन पर कब्जा करने का दावा किया है। यह अमेरिकी रिमस 600 ऑटोनॉमस अंडरवॉटर व्हीकल था, जो होर्मुज स्ट्रेट में जासूसी के मकसद से काम कर रहा था। ईरानी सरकारी मीडिया ने ड्रोन से जुड़ा फुटेज भी जारी किया है।

मोदी ने लिखा-अशोक सिंघल जैसे दिग्गजों की मेहनत से राम मंदिर बना

नई दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद के प्रमुख रहे अशोक सिंघल की 100वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें लेख लिखकर याद किया है। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन में अशोक सिंघल की अहम भूमिका को याद किए बिना उनके बारे में कोई भी बात अधूरी है। उन्होंने कहा, 1991 में बोट क्लब रैली में उनके भाषण को कौन भूल सकता है? या फिर आंदोलन के चरम पर घायल और खून से लथपथ अशोक जी की वह यादगार तस्वीर? आज अगर अयोध्या में भव्य राम मंदिर है, तो यह उन्हीं जैसे दिग्गजों की वजह से है जिन्होंने इसे संभव बनाने के लिए निस्वार्थ भाव से खुद को समर्पित कर दिया। अयोध्या में राम मंदिर को आकार लेते देखकर उन्हें सबसे ज़्यादा खुशी होती।''

केदारनाथ में मलबा-पत्थर गिरने से बच्चे की मौत

उप्र में तबाही की बारिश ने ली 91 की जान

सोमवार ● एजेंसी

इन दिनों मौसम अलग-अलग रंग दिखा रहा है। इंदौर सहित मध्यप्रदेश, राजस्थान के कई इलाकों में श्राद्ध जैसी गर्मी पड़ रही है। जबकि दिल्ली में कल की रात सर्द भरी रही। उत्तरप्रदेश में पिछले 3-4 दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण 91 लोगों की मौत हो गई। गोंडा और बदायूं में पुल डूब गए। केदारनाथ पैदल मार्ग पर मलबा-पत्थर गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई। जबकि 1500 यात्री फंस गए। नेपाल में भी भारी बारिश ने भयंकर तबाही मचाई है। पिछले कुछ दिनों में बाढ़, लैंडस्लाइड और बिजली गिरने की घटनाओं में 21 लोगों की जान चली गई है।

पानी में घिरे पेड़ पर फंसे कई वानर

सागर.एजेंसी। बंडा क्षेत्र में नवनिर्मित उल्दन बांध की डुबान में एक सूखे पेड़ पर बंदरों का झुंड फंस गया है। पेड़ के आसपास 10 फीट तक पानी भर चुका है और बंदर वहां से निकल नहीं पा रहे हैं। तीन दिन से वन विभाग बंदरों को वहां से निकालने के उपाय कर रहा है। वनकर्मियों ने नाव की मदद से दो बंदरों को सुरक्षित निकाला।

पूर्व पार्षद ने मांगी आरटीआई में जानकारी, 30 दिन में होगी उपलब्ध

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने 24 अगस्त को आरटीआई लगाकर मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग में वर्ष 2022 के नगरीय निकाय चुनाव तथा जुलाई 2026 में अद्यतन मतदाता सूची से संबंधित महत्वपूर्ण डिजिटल जानकारी मांगी गई थी। इस पर आयोग ने कलेक्टर को 30 दिन में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कौशल ने कहा कि यह राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के सवालों के बीच इंदौर मतदाता सूची पर राज्य निर्वाचन आयोग का बड़ा कदम है। कौशल ने 2022 के नगरीय निकाय चुनाव का निकायवार एवं जिलावार महिला, पुरुष तथा अन्य मतदाताओं का डेटा एवं वर्ष 2022 का बूथवार मतदाता डेटा के साथ ही प्रत्येक बूथ पर कुल मतदाता, मतदान किए गए वोट तथा प्रत्याशीवार प्राप्त मतों की जानकारी, वर्ष 2022 के परिसीमन एवं चुनाव में इस्तेमाल जनसंख्या/जनगणना के आधार का वार्डवार विवरण, जुलाई 2026 में अद्यतन की गई मतदाता सूची का बूथवार डिजिटल डेटा मांगा है। पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने कहा कि आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी को बार-बार एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय भेजकर मामले को लंबा खींचना उचित नहीं है। यदि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है तो बूथवार मतदाता संख्या और चुनाव परिणाम से संबंधित उपलब्ध आधिकारिक डेटा देने में किसी प्रकार की आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि 'लोकतंत्र में मतदाता सूची लोकतंत्र की आत्मा है। हर वोट कीमती है और हर निकाय महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची और चुनावी आंकड़ों में पारदर्शिता जनता का संवैधानिक अधिकार है। यदि इस अधिकार का हनन किया गया तो कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी और कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों के अनुसार लोकतांत्रिक आंदोलन भी चलाया जाएगा।' कौशल ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उठाए जा रहे मतदाता सूची की पारदर्शिता के सवालों के बीच इंदौर में मांगे गए आंकड़ों को सार्वजनिक करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। कौशल ने कहा कि निर्धारित अवधि में यदि संपूर्ण जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई या केवल औपचारिक जवाब देकर मामले को टालने का प्रयास किया गया, तो वे मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग में अपील करेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय की शरण भी लेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था को निशाना बनाना नहीं, बल्कि मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।

घायल से मिले मंत्री

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय राजवाडा पर हुई सिटी बस दुर्घटना में घायल व्यक्ति से एमवाय अस्पताल मिलने पहुंचे और घायल को कहा कि इलाज में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

कांग्रेस ने की एक करोड़ के मुआवजे की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे कल शाम राजवाड़ा हादसे में घायल से मिलने एमवाय अस्पताल पहुंचे। वहां घायलों से मुलाकात की और उसके बाद मीडिया से चर्चा में चौकसे ने कहा कि सुगम परिवहन बस सेवा में खटारा बस शुरू की गई। इन बसों के कारण मौत का सिलसिला शुरू हो गया। इसके कारण कल राजवाड़ा पर खटारा बस ने दो की जान ले ली और एक को घायल कर दिया। भीड़ भरे इलाके में इस तरह की खराब बसों का संचालन आगे भी जानलेवा हो सकता है। शासन की व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल भी चिन्टू चौकसे ने किए। चौकसे ने कहा कि जनता की सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, मृतक के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए, घायलों के इलाज होने के बाद उन्हें भी राहत के 50-50 लाख रु. की मुआवजा राशि दी जाए। साथ ही इस घटना की उच्च स्तरीय जांच की जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि राजवाड़ा पर घटना के समय स्पाट पर ही एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी, दूसरे घायल ने अस्पताल में दम तोड़ा।

पानी के विवाद में जनप्रतिनिधियों को कोसा

मौका मिला तो विपक्षी भी हुए राजनीतिक हमलावर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सांवेर विधानसभा के शहरी क्षेत्र वार्ड 35 के तलावली चांदा में साफ और पर्याप्त पानी की मांग को लेकर जनता ने अपनी नाराजगी कल दिखाई, लोग एकत्रित हुए और पर्याप्त और अच्छा पानी की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। लगातार लम्बे समय से पानी की कमी के चलते रहवासियों ने जनप्रतिनिधियों को भी कोसा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि की जनता से फोन पर तकरार भी हुई। इस मामले में इस वार्ड से भावी पार्षद के दावेदार राजा टोनेरे ने कहा कि जनता के विरोध के सामने भाजपाई समझाने पहुंचे, लेकिन किसी की नहीं चली। क्योंकि जनप्रतिनिधियों की काम करने की इच्छा शक्ति नहीं है वे केवल ईवीएम और नोट के सहारे जीतने वाले नेता है इसलिए जनता की चिंता नहीं कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने भी कल जनता को समझाने की कोशिश की। टोनेरे ने बताया कि जनता ने मंत्री तुलसीराम सिलावट के समक्ष और पार्षद राकेश सोलंकी से भी नाराजगी जाहिर की तब उन्होंने तीखी अनुचित भाषा का इस्तमाल भी किया, जो गलत बात है। रहवासी शैलेन्द्र से भी गलत भाषा का इस्तमाल किया गया था।

गौरव वर्मा को बधाई देने प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पहुंची

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कांग्रेस नेता गजेन्द्र वर्मा के पुत्र गोल्ड मेडलिस्ट पहलवान गौरव वर्मा के अवतरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बधाई देने बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं के अलावा अन्य दलों के नेता और प्रजापति समाज के अलावा रहवासी, व्यापारी भी पहुंचे। महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी ने मिठाई खिलाकर गौरव वर्मा को बधाई दी। इस दौरान दिलीप राजपाल, केके यादव, राजू भदौरिया, दिलीप कौशल, अजय सीतलानी, अशोक चौहान, ओपी यादव, आशीष राठौर, इरफान मंसूरी, गोपाल यादव, रमेश बिंजवा, दीपक राठौर, रोहन वर्मा, विकास जोशी, राजू शर्मा एवं कुश्ती के पहलवान भी मौजूद रहे। गौरव वर्मा कुश्ती के पहलवान भी हैं।

भाजपा नेता पहुंचे कथा का लाभ लेने

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भाजपा नेता सत्यनारायण प्रजापत के अलावा अन्य 300 श्रद्धालुओं दिलीप यादव, दिलीप सेंगर, प्रतापराम प्रजापत, अजय लांड एडवोकेट प्रहलाद कमल खण्डेलवाल आदि के साथ कथा का रसपान लेने सुकताल पहुंचे। भागवत शोभायात्रा में भी शिरकत की और कथा के पूर्व व्यासपीठ का पूजन भी किया। कथा का रसपान इन्दौर के राहुल शर्मा का रहे है।

झांकियों की परंपरा जरूरी, पर प्रशासन की सख्ती ठीक नहीं-निहोरे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

युवा नेता राहुल निहोरे ने बयान जारी कर कहा कि अनंत चतुर्दशी पर परम्परागत झांकियां निकाली गई। इंदौर की सांस्कृतिक पहचान और शहर की गौरवशाली परंपरा का हिस्सा है। हर वर्ष बड़ी संख्या में शहरवासी अपने परिवार के साथ झांकियां देखने के लिए सड़कों पर आते हैं। झांकियां तैयार करने में समय लगता है और इसी लिए लोग कलाकारों की कला को देखने रात में घर से बाहर निकलते है। पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था रखे अच्छी बात है लेकिन ज्यादा सख्ती से लोग परेशान हो उठे थे। पुलिस, प्रशासन ने बिना वजह इतनी बेरिकेटिंग और सख्ती रखी जिससे परिवार और महिलाओ बच्चों को आने मे परेशानी हुई। निहोरे ने कहा कि पुलिस और प्रशासन की सख्ती की सोच में बदलाव की आवश्यकता है। इस बार शासन-प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर की गई सख्ती के चलते कई मिल झांकी समितियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जगह-जगह दूर-दूर तक लगाए गए बैरिकेड्स और व्यवस्थाओं के कारण आम नागरिकों, विशेषकर परिवारों को झांकियों तक पहुंचने में असुविधा हुई। इसका प्रभाव चल समारोह में कम भीड़ के रूप मे दिखा। युवा नेता राहुल निहोरे ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था जरूरी है, लेकिन ऐसी व्यवस्था भी होनी चाहिए जिससे शहर की वर्षों पुरानी झांकी परंपरा और आम जनता की सहभागिता प्रभावित न हो। मिलों की झांकियां इंदौर की पहचान हैं और इन्हें तैयार करने वाली समितियों की महीनों की मेहनत और तपस्या का सम्मान किया जाना चाहिए। झांकियां देखने आने वाले परिवारों को भी सुविधाजनक और सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रशासन, पुलिस और झांकी समितियों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर ऐसी व्यवस्था तैयार की जानी चाहिए, जिसमें सुरक्षा के साथ-साथ आम जनता और झांकी समितियों की सुविधा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। प्रशासन को इस आयोजन को केवल एक दिन की चुनौती न मानकर इंदौर के गौरव और वर्षों पुरानी परंपरा के रूप में देखना चाहिए।

कांच मंदिर क्षमावाणी में श्रद्धालुओं को था सुधा सागर म.सा. का इंतजार

मंत्री और सांसद रहे मौजूद, कांग्रेस के बड़े नेता नहीं पहुंचे, विधायक का भी होता रहा इंतजार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

दिगम्बर जैन समाज द्वारा कल सुबह कई मंदिरों में क्षमावाणी का आयोजन हुआ तो कई जगह शाम को भी आयोजन हुए। बड़ा आयोजन कल कांच मंदिर परिसर में किया गया। कल के अभिषेक, कलश और क्षमावाणी आयोजन के लिए सुनील सागर म.सा. संघ के छुबुद सागर म.सा. ने मुनि 108 सुधासागर म.सा. को भी निमंत्रण दिया था और इसकी जानकारी जैन समाजजनों को भी दी गई थी। कल कई जैन समाजजन मुनि सुधा सागर म.सा. का इंतजार करते रहे। पदवी में आचार्य के कारण सुनील सागर म.सा. की पदवी बढ़ी है और सुधा सागर म.सा. मुनि है। इस पर भी कुछ जैन समाजजन बोले कि शायद पटिया ऊपर-नीचे लगने के कारण संत नहीं पहुंचे हैं। निमंत्रण देने वाले संत छुबुद सागर म.सा. ने भी इस मुद्दे पर दो शब्द बोले भी थे। कल अभिषेक कलश के बाद सामूहिक क्षमावाणी का आयोजन हुआ। कल भाजपा की ओर से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, पार्षद राजीव जैन, पूर्व पार्षद जयदीप जैन, प्रिंसपाल टोंग्या सहित अन्य पहुंचे थे। जैन समाजजन विधायक मालिनी गौड़ का भी इंतजार करते रहे, लेकिन वे नहीं पहुंची। भाजपा के अन्य जनप्रतिनिधि भी नहीं पहुंचे थे। इधर कल कांग्रेस के बड़े नेता इस बड़े आयोजन में नहीं पहुंचे थे, जैन समाज से जुड़े कांग्रेस नेता संजय बाकलीवाल, नकुल पाटोदी, पवन जैन, सुनील गोधा, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल सहित अन्य मौजूद थे। संतों के प्रवचन का लाभ भी मौजूद जैन समाजजनों ने लिया। वहीं समाज के नवीन गोधा, इन्द्रकुमार सेठी, वीरेन्द्र बड़जात्या, देवेन्द्र सोगानी, जैनेश झांझरी, मनमोहन झांझरी, महेन्द्र निगोत्या, कमल रावका, डीके जैन, एमके जैन, ऋषभ पाटनी, सहित अन्य पहुंचे थे। जुलूस में भी समाजजन मौजूद रहे थे।

राहुल गांधी माफी मांगकर इस्तीफा दें -भाजपा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बयान जारी कर कहा कि चुनाव आयोग को लेकर भ्रम फैलाने पर राहुल गांधी को माफी मांगकर इस्तीफा देना चाहिए। चुनाव आयोग के संयुक्त बयान से कांग्रेस के झूठ और भ्रम की राजनीति बेनकाब हो रही है। मिश्रा ने चुनाव आयोग को लेकर भ्रम फैला रही कांग्रेस को झूठ की राजनीति करने वाली पार्टी बताते हुए प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना उचित नहीं है। राजनीतिक असफलता का ठीकरा कांग्रेस और विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ रहा है। कैबिनेट सेक्रेटरी को भेजे गए पत्र को लेकर भी विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाया गया। चुनाव आयोग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यह पत्र किसी नीतिगत विषय अथवा एसआईआर से संबंधित नहीं था, बल्कि प्रतिनियुक्ति पर आए एक अधिकारी की प्रशासनिक कार्यप्रणाली से संबंधित आंतरिक मामला था। चुनाव आयोग को लेकर भ्रम फैलाने पर राहुल गांधी को माफी मांगकर इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि चुनाव आयोग के संयुक्त बयान से कांग्रेस के झूठ और भ्रम की राजनीति बेनकाब हो गई है। हर पात्र नागरिक का मताधिकार सुनिश्चित करना आयोग की प्राथमिकता में शामिल रहता है। राहुल गांधी लगातार हार की हताशा में संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की राजनीति कर रहे हैं। एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश और चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण से कांग्रेस के दुष्प्रचार का सारा खेल फेल हो गया है। राहुल गांधी और कांग्रेस एंटी-बीजेपी नहीं, एंटी-नेशनल बातें करते हैं। कांग्रेस लोकतंत्र की मर्यादा को बार-बार लांघने का काम कर रही है और कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए कि जनता उसे लगातार क्यों नकार रही है। राहुल गांधी को माफी भी मांगना चाहिए और लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष से इस्तीफा भी दे देना चाहिए। वैसे भी राहुल गांधी बेबुनियाद आरोप लगाकर माफी मांग लेते हैं।

नगर सेवा बंद कर सिटी बस क्यों चलाई -कांग्रेस

तीन रुट पर बस से होती है सबसे ज्यादा परेशानी, लगता है जाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव शेख शाकिर मसूदी ने बयान जारी कर नगरसेवा को पहले बंद करने और बाद में बड़ी सिटी बस को चलाने के मुद्दे पर सवाल खड़े किए है। मसूदी ने कहा कि नगरसेवा पहले शहर में खूब चलती थी उसे इसलिए बंद कराया था कि वह बड़े वाहन की गिनती में आती थी और उससे यातायात बाधित होता था। पुलिस, प्रशासन, निगम प्रशासन और परिवहन विभाग ने मिलकर सिटी बस चलाई। नगर सेवा की जगह मैजिक और वेन को परमिट दिया गया था। अब सिटी बसों की वजह से हर स्टाप पर जाम की स्थिति बनती है। मसूदी ने कहा कि अगर सिटी बस ही चलानी थी तो नगर सेवा बंद क्यों की गई। सिटी बस लोक परिवहन के लिए अच्छा साधन हो सकता है लेकिन इन सिटी बस पर पुलिस कोई नियंत्रण नहीं करती है इससे सिटी बस चालक जहां मर्जी होती है वहां रोक देते और इससे ट्राफिक जाम होता है। मसूदी ने यहां तक कहा कि नगर सेवा बंद करने का फैसला पूर्व में गलत था, जो बिना सोचे समझे लिया गया और खामियाजा आम लोगो एवं नगर सेवा गाड़ी वालो को भुगतना पड़ता है। आज की हालत में इंदौर में ट्रैफिक जाम आम बात है और उस पर शहर की छाती पर बड़ी बड़ी सिटी बसें जो कि जाम का कारण बन रही है। मसूदी ने मांग की है कि खास तौर से तीन रूटों पर बडा गणपति से राजबाडा और पलासिया के अलावा शिवाजी वाटिका चौराहा से ग्वालटोली होते हुवे राजमोहल्ला जवाहर मार्ग। तीसरा रूट बड़े गणपति से जिंसी होते हुवे नगर निगम सुभाष मार्ग। इन तीनो रूटों पर हमेशा जाम लगता है, इसलिए विचार कर खासतौर से इन तीन रुट पर छोटे वाहनों का विकल्प ही रखना चाहिए। सालों साल से जवाहर मार्ग जस का तस है यहां चौड़ीकरण नहीं किया गया है, इससे सहायक गलियां तक जाम रहती है, पहले निगम को जवाहर मार्ग चौडीकरण की जद में लेना चाहिए उसके बाद सिटी बस का विकल्प सोचना चाहिए।

दूध की शुद्धता पर श्वेत पत्र जारी करें- कांग्रेस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि कल ही मंदसौर में प्रशासन ने सिंथेटिक दूध बनाने वाली कंपनी पर छापा मारकर पकड़ा। अब इस मामले में द्विवेदी ने कहा कि म.प्र. सरकार दूध की शुद्धता पर एवं प्राकृतिक एवं नैसर्गिक होने पर श्वेत पत्र जारी करें।

गौरतलब रहे कि विभाग ने आंकड़े जारी करते हुए दावा किया कि मप्र में विगत 5सालों में दुधारू पशुओं की संख्या नहीं बढ़ी परंतु दुध उत्पादन 18 फीसदी बढ़ गया है। मप्र में अभी 1.24 करोड़ दुधारू पशु है, परंतु अब दुध उत्पादन 33.27 लाख टन बढ़ चुका है, इस पर सवाल उठाया गया कि नस्ल सुधारी गई तो कैसे। द्विवेदी ने फिर सवाल उठाया कि अमानक स्तर के दूध मप्र में लगातार क्यों पकड़ा रहे, दही, पनीर, घी, मावा नकली कैसे बाजार में आ रहें। गौशालाओ में लगातार दूध ना देने वाली गौमाताओं की संख्या बढ़ क्यों रही है अगर अधिकारियों अनुसार गौमाता 3.5 लीटर अधिक दूध दे रही है तथा भैंस 4.5लीटर अधिक पहले की अपेक्षा तो फिर दूध उत्पादक दुध का मूल्य बढ़ाने खातिर क्यों अडे हुए हैं। मप्र में लगातार दूध डेरी बंद क्यों हो रही तथा सिंथेटिक दूध के होने की बात क्यों कहीं जा रही है। मप्र में बकरी का दूध भी सांची पांइट से बेचा जायेगा इस योजना का क्या हुआ। सरकार आम आदमी को आंकड़े में ना उलझाए तथा उच्च न्यायालय आदेश का समय समय पर पालन करें।

कांग्रेसियों ने ज्ञानेश कुमार के पोस्टर पर पोती कालिख इस्तीफे की मांग को लेकर पुते पोस्टर भी जला दिए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लाओ संगठन के जीतू दीवान ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफा की मांग को लेकर विरोध स्वरूप प्रदर्शन एवं ज्ञानेश कुमार के पोस्टर पर कालीख पोत कर पोस्टर रीगल तिराहा पर जलाए। जमकर नारेबाजी भी की गई और राष्ट्रपति से खुद इस मामले में संज्ञान लेकर चुनाव आयुक्त अगर इस्तीफा नहीं देते हैं तो उन्हें हटाने की मांग की गई और उन पर कार्रवाई भी की जाए। जीतू दीवान, आशुतोष मिश्रा, सचिन सेन, डॉ. खालीकुर्रहमान, रमेश घाटे, नियाजुद्दीन अंसारी, शेख समीर, लालू पठान, संजय अरोड़ा, राकेश अरोड़ा, महेश दुबे, सफदर नकवी, मीत धारीवाल, ध्यानसिंह चौहान, डॉ. महबूब खान, नरेंद्र अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

कांग्रेस नेता रहे भैरव बाबा की आरती और प्रसादी में मौजूद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 4 के वार्ड 70 के आदर्श इंदिरा नगर गली नं. 2 में भैरव बाबा का श्रृंगार कर महाआरती की गई और चलित भंडारा भी आयोजित किया गया। कांग्रेस नेता राजेश जोशी, गोलू सिरसवाल, सलीम के अलावा मुन्ना, अनिल चौहान, शुभम पांचाल, बल्लू, राजू सहित अन्य मौजूद थे।

भाजपा चलाएगी 85 वार्डों में स्वच्छता सेवा कार्यक्रम, कामकाजी बैठक में की गई चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा इंदौर नगर की कामकाजी बैठक भाजपा कार्यालय पर आयोजित की गई। सेवा संकल्प को लेकर चर्चा भी की गई। शहर के 85 वार्डो में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसमें वार्ड में निवासरत सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं 3 अक्टूबर को मंडल स्तर पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। 4 अक्टूबर को वृद्धाश्रम एवं अनाथालय में सेवा कार्य किये जाएंगे। पिछड़ा वर्ग मोर्चा वृद्धाश्रम में, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अनाथालय में सेवा कार्य करेंगा। 6 अक्टूबर को विधानसभा स्तर पर नेत्र परीक्षण शिविर लगाए जायेंगे। 9 अक्टूबर को वृक्षारोपण और सैनिकों का सम्मान युवा मोर्चा द्वारा किया जाएगा। 10 अक्टूबर को विधानसभा स्तर पर कॉपी वितरण के कार्यक्रम होंगे। 07 अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी, यह यात्रा प्रत्येक बूथ से निकाली जाएगी जिसमें 10-10 लाभार्थी कार्यकर्ताओं के साथ बाइक पर सवार होकर वार्ड स्तर की यात्रा में शामिल होंगे, वार्ड स्तर की यात्रा मंडल में और मंडल की यात्रा विधानसभा स्तर की यात्रा में शामिल होगी, फिर सभी विधानसभाओ के जत्थे जिला स्तर की यात्रा में जुड़ेंगे। प्रत्येक शक्ति केंद्र में लाभार्थियों के 10 वीडियो बनाना है, लाभार्थियों के जीवन में आए बदलाव की कहानी का वीडियो में से सिलेक्टेड वीडियो प्रदेश को भेजे जाएंगे। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, रमेश मेंदोला, संजय शुक्ला, जीतू जिराती, गोपीकृष्ण नेमा, दीपक जैन टीनू, प्रिया डांगी, भूपेंद्र सिंह केसरी, नितिन शर्मा, सौगात मिश्रा, निखिल सोनी, निरंजनसिंह चौहान, मुद्रा शास्त्री, कमल वाघेला, सुधीर कोल्हे, दीप्ति हाडा, नेहा शर्मा, मंजू ठाकुर, श्रेष्ठा जोशी, शिवानी अड़सपुरकर, नारायण पालीवाल, इंदु श्रीवास्तव, सचिन बंसल, विशाल यादव, वरुण पाल, हेमराज वाडिया, रानू गर्ग, गोविंद पंवार, रितेश शर्मा, दीपांश खण्डेलवाल, राजा कोठारी,

राजबाडा पर सुबह कुछ बसें आई उसके बाद पुलिस ने लगाई रोक

पुलिस ने की यशवंत रोड, कृष्णपुरा छत्री पर बेरिकेटिंग बसों की एंट्री बंद करने का विचार, दोपहर में हो सकती है बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजवाड़ा पर कल हुई बस दुर्घटना के बाद अब राजवाड़ा पर बसों की एंट्री बंद करने का विचार किया जा रहा है। इस विचार के तहत आज सुबह राजवाड़ा पर बसों को रोक दिया गया। पहले कुछ बसें यहां आई और उसके बाद पुलिस ने बेरिकेटिंग कर राजबाडा पर बसों को आने से रोक दिया।

राजवाड़ा पर कल हुई बस दुर्घटना के बाद बस कंपनी के द्वारा अपनी व्यवस्था में सुधार लाने के बजाय नागरिकों से सुविधा छीनने की कोशिश शुरू कर दी गई है। आज सुबह राजवाड़ा पर उस समय हलचल हो गई जब सिटी बस राजवाड़ा पर नहीं आई। इसके बाद लोगों ने मालूम किया तो मालूम पड़ा की कृष्णपुरा पुल के पास से बस का संचालन किया जा रहा है। इस स्थिति का मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा विरोध किया गया। इन लोगों का कहना था कि राजवाड़ा से बस में आसानी से बैठकर सफर कर पाते हैं। इन नागरिकों को अब कृष्णपुरा तक पैदल चलकर जाना पड़ेगा।

आज सुबह राजबाडा पर कुछ बसों का मुवमेंट नजर आया उसके बाद पुलिस ने फिलहाल तो बेरिकेटिंग की है। बीती रात ट्राफिक डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने राजबाडा और आसपास के क्षेत्र का दौरा भी किया था। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आज दोपहर में बैठक होगी जिसके बाद राजबाडा पर कैसे सिटी बस का संचालन होगा, राजबाडा पर संचालन होगा या नहीं होगा या फिर चुनिंदा बसों को राजबाडा पहुंचने की अनुमति मिलेगी इन सभी बातों को लेकर विचार किया जाएगा।

इस बारे में सिटी बस कंपनी के कार्यकारी संचालक अर्थ जैन ने कहा कि अभी हमने ना तो बस बंद की और ना ही चालू रखने का फैसला लिया है। हमने पूरा फैसला क्षेत्र के सुपरवाइजर पर छोड़ दिया है। राजवाड़ा पर सुपरवाइजर की संख्या को बढ़ा दिया गया है। इन सुपरवाइजर से कहा गया है कि जब राजवाड़ा पर लोगों की भीड़ ज्यादा हो जाए तो बस के संचालक को राजवाड़ा से बंद कर दिया जाए। जब भीड़ कम हो तो बस का संचालन राजवाड़ा से चालू रखा जाए।

मनमानी की स्थिति- सिटी बस कंपनी के द्वारा लिया गया यह फैसला कि जब भीड़ राजवाड़ा पर हो जाए तो बस बंद कर दी जाए निश्चित तौर पर इंदौर के नागरिकों के लिए मुश्किल पैदा करने वाला है। खास तौर पर वे लोग जो की सिटी बस के माध्यम से सफर करते हुए अपने मुकाम तक जाते हैं उन्हें इस स्थिति के कारण बहुत समस्या का सामना करना पड़ेगा। हकीकत तो यह है कि सिटी बस कंपनी के अधिकारी अभी हालात को समझने और नियंत्रित करने की स्थिति में ही नहीं आ पाए हैं। बस कंपनी को अपनी व्यवस्था को बेहतर बनाना चाहिए लेकिन वह लोगों पर चाबुक चलाने में लगी है।

राजवाड़ा बस हादसे से सिटी बस कंपनी ने पल्ला झाड़ा

ड्राइवर की लापरवाही को भोपाल की कंपनी के हवाले किया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजवाड़ा पर नई नवेली बस के अनियंत्रित होने से दो लोगों की मौत होने के मामले में सिटी बस कंपनी ने पल्ला झाड़ लिया है। कंपनी के द्वारा ड्राइवर की लापरवाही को भोपाल की कंपनी के हवाले कर दिया गया है।

एक चौकाने वाले घटनाक्रम के तहत कल दोपहर में राजवाड़ा पर पीएम ई बस सेवा के तहत इंदौर में संचालन के लिए मिली नई बस अनियंत्रित हो गई थी। राजवाड़ा पर बस के द्वारा टक्कर मार दिए जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग अभी भी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती हैं। इसमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सड़क के किनारे पर खड़े हुए इन लोगों को इस बात का एहसास ही नहीं था कि यातायात में दौड़ रहे वाहनों से बचने के लिए एक तरफ खड़े होना भी उनके लिए मौत का कारण बन जाएगा। अभी 2 दिन पूर्व ही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा भोपाल में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा का शुभारंभ किया गया है। इंदौर की सिटी बस कंपनी के द्वारा संचालित सभी बस अब इसी बस सेवा के अंतर्गत आ गई है।

कल जिस बस के द्वारा दुर्घटना हुई है वह बस बिल्कुल नई है। ऐसे में बस के फिटनेस और उसके पुर्जो पर कोई भी शक नहीं किया जा सकता है। कल की घटना में प्राथमिक तौर पर यही माना जा रहा है कि ड्राइवर के द्वारा बरती गई लापरवाही के कारण यह घटना घटित हुई है। इस मामले से सिटी बस कंपनी के द्वारा पल्ला झाड़ लिया गया है। इंदौर की सिटी बस कंपनी के कार्यकारी संचालक अर्थ जैन का कहना है कि इन बसों का संचालन जरूर हमारे द्वारा कराया जा रहा है, लेकिन बस के चालकों की नियुक्ति ग्रीन सेल मोबिलिटी एजेंसी के द्वारा की गई है। ऐसे में हम यह नहीं जानते कि इस चालक को बस चलाना भी बराबर आता था या नहीं आता था। चालक के द्वारा कहीं नशा तो नहीं किया गया था यह भी कह पाना हमारे लिए संभव नहीं है। इस तरह ग्रीन सेल मोबिलिटी एजेंसी को चालकों की नियुक्ति का अधिकार होने और उनके द्वारा ही चालक नियुक्त किए जाने के आधार पर इंदौर की इस बस का संचालन करने वाली सिटी बस कंपनी के द्वारा अपना पल्ला झाड़ लिया गया है। इस तरह की गंभीर घटना पहली बार ही राजवाड़ा पर हुई है। ऐसा नहीं है कि इसके पहले सिटी बस कंपनी की बस के द्वारा कोई एक्सीडेंट ही नहीं हुआ हो। पहले भी दुर्घटनाएं तो हुई है लेकिन वह दुर्घटनाएं इस तरह की लापरवाही का परिणाम नहीं रही।

चिंताजनक स्थिति बनी- राजवाड़ा जैसे प्रमुख व्यापारिक केंद्र पर जहां की हर दिन सुबह से शाम तक लोगों की भीड़ लगी रहती है वहां पर इस तरह की घटना होना निश्चित तौर पर चिंताजनक है। इस घटना से यह चिंता भी पैदा हो गई है कि यदि ऐसी घटनाएं होती है तो राजवाड़ा पर जनता कैसे सुरक्षित रहेगी।

रहवासी क्षेत्र से अंडरग्राउण्ड मेट्रो नहीं निकाली जाए

एक दीया उम्मीद का आन्दोलन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पूर्वी क्षेत्र के तिलक नगर सहित एक दर्जन से अधिक कालोनियों के रहवासी इन दिनों अंडरग्राउण्ड मेट्रो ट्रेन से चिंतित है। पहले भी विरोध के स्वर गूंजे थे और कल रविवार की रातत बंगाली चौराहा पर रहवासियों ने 'एक दीया उम्मीद का' आंदोलन आयोजित किया गया। आंदोलन में नागरिकों ने दीप जलाकर एवं कैंडल मार्च निकालकर अपनी मांग को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से सामने रखा कि रहवासी क्षेत्र से अंडरग्राउण्ड मेट्रो नहीं निकाली जाए। यह भी मांग की गई कि मेट्रो मार्ग को लेकर सरकार और अधिकारी रहवासियों से संवाद करें। सभी ने यही कहा कि रहवासी विकास के विरोधी नहीं है, लेकिन उनके घर खासतौर से रहवासी क्षेत्रों से अंडरग्राउण्ड मेट्रो निकालने को लेकर सभी चिंतित है। मेट्रो ऑफिस के बाहर भी दीप प्रज्ज्वलित किए गए, कैंडल मार्च निकाला गया, साथ ही सांकेतिक रूप से टेंडर की प्रति फाड़कर विरोध दर्ज कराया गया। इसके माध्यम से नागरिकों ने अपनी मांग शासन-प्रशासन तक पहुंचाई। अंकित दुबे ने कहा कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और आगे भी रहवासियों की मांग को लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से उठाया जाएगा।

कंडीलपुरा के 50 नागरिकों के मकान पूरे टूटेंगे

निगम इन नागरिकों का व्यवस्थापन कर देगा फ्लैट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। नगर निगम के द्वारा कंडीलपुरा में नई सड़क के निर्माण के लिए पहल शुरू कर दी गई है। इसके तहत कंडीलपुरा में 50 नागरिकों के मकान पूरे टूट जाएंगे ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा इन नागरिकों को फ्लैट दिए जाएंगे।

मास्टर प्लान में कंडीलपुरा की सड़क 100 फीट चौड़ाई की बताई गई है। नगर निगम के द्वारा जन सुविधा की दृष्टि से 80 फीट की चौड़ाई में ही सड़क के निर्माण का फैसला लिया गया है। इस 80 फीट की चौड़ाई में भी 150 मकान ऐसे हैं जिनके आंशिक हिस्से इस सड़क की चौड़ाई में आ रहे हैं। इन मकानों में तोड़फोड़ करने के बाद ही सड़क के निर्माण का रास्ता साफ हो सकेगा। नगर निगम के द्वारा कराए गए सर्वे में यह स्पष्ट हो गया है कि किस मकान का कितना हिस्सा तोड़ना पड़ेगा।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि कंडीलपुरा में 50 मकान ऐसे हैं जो कि पूरे ही तोड़ना पड़ेंगे। इन मकान को तोड़ने से इनमें रहने वाले परिवारों को नगर निगम को व्यवस्थापन करना होगा। निगम के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित की गई इमारत में इन रहने वाले नागरिकों को फ्लैट दिए जाएंगे। इसके लिए निगम की ओर से सर्वे पूरा हो गया है। अब निगम के द्वारा जिन लोगों के मकान पूरे टूटेंगे उन लोगों से बातचीत करते हुए निगम के खाली फ्लैट दिखाए जाएंगे और जिस स्थान पर जाना वे लोग पसंद करेंगे उस स्थान के फ्लैट को उन्हें आवंटित करने की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा।

नगर निगम के द्वारा अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में कंडीलपुरा में सड़क का काम शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत मकान में तोड़फोड़ के निशान लगाने और तोड़फोड़ करने का काम सबसे पहले किया जाएगा। उसके बाद में सड़क की खुदाई करते हुए पानी और ड्रेनेज की लाइन का काम होगा। फिर जाकर सड़क का निर्माण कार्य किया जा सकेगा। निगम के अधिकारियों का कहना है कि जनता को सुविधा देने की दृष्टि से सड़क के निर्माण को बीच में शुरू कर दिया जाएगा और आसपास लाइन डालने का काम किया जाएगा।

जनता भी सहमत- न.गर निगम का कहना है कि क्षेत्र के नागरिक भी सड़क को चौडा करने की योजना से सहमत है। इन नागरिकों के द्वारा भी नगर निगम के साथ सहयोग करते हुए लगातार यह चर्चा की जा रही है कि सड़क की चौड़ाई में कौन से मकान कितने टूट जाएंगे। इन मकानों को कब किस तरह से तोड़ा जाएगा। मकान तोड़ने के लिए क्षेत्र के नागरिकों को कितना समय दिया जाएगा।

सांची दूध संघ पर बेलगाम होने का आरोप -जाधव

चुनाव के बाद से नहीं सुनी जा रही किसानों की समस्या

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के अध्यक्ष बबलू जाधव ने सांची दुग्ध संघ पर आरोप लगाया कि चुनाव खत्म होते ही सांची दुग्ध संघ बेलगाम हो चुका है, जो किसानों की समस्याओं पर सुनवाई नहीं की जा रही है। जाधव ने कहा कि गांवों की सांची दूध डेयरियों द्वारा किसानों के लिए घी, पशु आहार सहित आवश्यक सामग्री की मांग किए जाने के बावजूद कई बार 15 से 20 दिन तक सामान उपलब्ध नहीं होता, जिससे किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पूर्व में संचालक मंडल होने से किसानों की समस्याओं पर तत्काल सुनवाई होती थी, लेकिन अब व्यवस्था में किसानों की समस्याएं लंबित हो रही हैं। किसान पहले से ही दूध के उचित भाव को लेकर परेशान हैं। 150 से अधिक सांची दूध डेयरियों द्वारा दूध के दाम में 12 रु. प्रति फैट की मांग को लेकर ज्ञापन दिए जा चुके हैं। वहीं पिछले वर्ष का करीब 10 से 12 करोड़ रु. का बोनस अभी तक किसानों को नहीं मिला है तथा 5 रु. प्रति लीटर बोनस राशि की घोषणा भी पूरी तरह लागू नहीं हुई है। जाधव ने कहा ज्ञापन लेने के दौरान कई डेयरी अध्यक्षों और सचिवों ने सांची दूध संघ की व्यवस्थाओं में कमियां और कथित मनमानी की शिकायतें सामने रखीं। किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान एवं मजदूर सेना सांची दूध संघ की कार्यप्रणाली के खिलाफ आवाज बुलंद करेगी और किसानों के हित में आंदोलन किया जाएगा।

पुराने पेड़ों को बचाने में जुटा जीएससी ग्रुप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पांच दशक पहले साथ पढ़े, दोस्त बने और जिंदगी के कई पड़ाव साथ देखे। उम्र बढ़ी तो जिम्मेदारियां भी बढ़ीं, लेकिन दोस्ती आज भी कायम है। इसी दोस्ती की एक अलग तस्वीर गांधी हॉल में देखने को मिली, जब गुजराती साइंस कॉलेज के पांच दशक पुराने मित्र शहर के प्राचीन पेड़ों को बचाने के लिए एकजुट हुए। नए शास्त्री फ्लाईओवर के निर्माण से प्रभावित होने की आशंका वाले क्षेत्र में मित्रों ने पहुंचकर पुराने और बड़े पेड़ों का जायजा लिया। उन्होंने पेड़ों की स्थिति, संभावित निर्माण क्षेत्र और उन्हें बचाने की संभावनाओं पर चर्चा की। सभी का कहना है कि फ्लाईओवर शहर की यातायात जरूरत है, लेकिन इसके निर्माण की कीमत दशकों पुराने पेड़ों की बलि देकर नहीं चुकाई जानी चाहिए। केदार शर्मा, डॉ जिनेन्द्र सेठिया, अनिल व्यास, अनिल बाहेती, उमेश दल्वी, सतीश शर्मा, अनिल भटेवरा, विमल प्रजापत, पीयूष शाह, राजेंद्र दुबे एवं नितिन तार, डॉ. दिलीप बागेला, योगेश रघुवंशी मौजूद थे।

झलकारी जयंती को लेकर बैठक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। झलकारी जयंती को लेकर कोली/कोरी समाज के प्रबुद्धजनों की बैठक प्रेस क्लब में आयोजित की गई। जयंती को व्यापक बनाने को लेकर तैयारियों

पर चर्चा की गई। पांच समाजसेवी महिलाओं और तीन पुरुषों को सम्मानित किया जाएगा। प्रकाश महावर कोली, रमेश हलधर,दीपक मलोरिया रानू, देवी शंकर कोटिया, घनश्याम मेरिया, देवीप्रसाद वर्मा, गजेन्द्र महावर, जगदीश वर्मा, ज्ञानेन्द्र बंगेरिया सहित अन्य मौजूद थे।

गांधी नहीं तो भारत नहीं पर व्याख्यान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

सेवा सुरभि द्वारा गांधी जयंती के निमित्त आयोजित व्याख्यान 'गांधी नहीं तो भारत नहीं' में वक्ताओं ने उदबोधन दिए। एडवोकेट अनिल त्रिवेदी ने सार्थक उदबोधन दिया, उनका सम्मान भी किया गया। भजनों की प्रस्तुति भी हुई। डॉ. भरत शर्मा, रामेश्वर गुप्ता, वीरेंद्र गोयल, गौतम कोठारी, गोविंद मंगल, कमल कलवानी, ओमप्रकाश नरेडा, मोहित सेठ, कारिया, रामेश्वर गुप्ता, रवि गुप्ता, भारती मंडोरे, भालू मोढ़े, अशोक बड़जात्या, अरविन्द तिवारी, कुमार सिद्धार्थ, संजय पटेल, प्रवीण खारीवाल, डॉ. राजीव शर्मा, गोविंद मंगल, भारती मंडोरे, अनिल गोयल मोहित सेठ, डॉ. ओपी जोशी, अशोक कोठारी, दिलीप वाघेला, डॉ. सम्यक जैन, नीरजा जैन, हरेराम वाजपेयी सहित अन्य मौजूद थे।

गैलेक्सी वूमन्स ग्रुप की किटी पार्टी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गैलेक्सी वूमन्स ग्रुप द्वारा ब्रिजर्टन थीम पर मनोरंजक किटी पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेष थीम 'एलिगेंस इन एवरी फ्रेंडशिप' रखी गई। ब्रिजर्टन शैली की सजावट, फूलों की खूबसूरत थीम, रॉयल डेकोरेशन और आकर्षक वातावरण ने आयोजन को विशेष बना दिया। थीम के अनुरूप सजे परिधानों में पहुंचीं महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में ड्रेस अप, डाइन टुगेदर, प्ले टुगेदर और सेलिब्रेट फ्रेंडशिप जैसी विभिन्न एक्टिविटीज आयोजित की गईं। गेम्स, मनोरंजन, स्वादिष्ट व्यंजनों और आपसी बातचीत के साथ महिलाओं ने जमकर आनंद लिया। श्रेया जायसवाल, सीमा जायसवाल, वंदना जायसवाल ने अपनी भूमिका निभाई।

ग्रीन पार्क में टेढ़ा खंभा दे रहा है हादसे को न्योता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

गुमास्ता नगर विद्युत मंडल सिरपुर जोन के अंतर्गत ग्रीनपार्क कॉलोनी के आई सेक्टर स्थित खजूर वाला रोड पर इन दिनों एक तिरछा बिजली का खंभा लोगों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। खंबा काफी ज्यादा झुक चुका है और नीचे लटक रहे केबल के सहारे किसी तरह टिका हुआ दिखाई दे रहा है। खंबे की मौजूदा स्थिति को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह कभी भी अपना संतुलन खोकर सड़क पर गिर सकता है। खजूर वाला रोड पर दिनभर दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ ही पैदल राहगिरों की भी आवाजाही रहती है। आसपास रहवासी क्षेत्र होने के कारण छोटे बच्चे भी सड़क से होकर गुजरते हैं। ऐसे में यदि अचानक खंभा गिरता है तो किसी वाहन या राहगीर के इसकी चपेट में आने से गंभीर दुर्घटना हो सकती है। उक्त जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता सादिक खान ने दी।

सुखलिया में भी जारी है तर्पण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था मातृभूमि के सुरजीत सिंह वालिया ने बताया कि भारत माता मंदिर सुखलिया में सामूहिक तर्पण का आयोजन पूर्णिमा से ही शुरू हो गया है। तर्पण विधि विधान से करते हुए पितरों को याद किया जा रहा है। श्राद्ध पक्ष में प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा विधि विधान से तर्पण किया जा रहा है जो आज तीसरे दिन भी जारी रहा।

SMART NEW PROJECT
MADHYA PRADESH

Shishata Energy Private Limited के पास मध्यप्रदेश में एक नया Smart Project आया है, जिसमें कुल 15 Circles Consumer survey \ Smart Meter Installation में शुरू है।

Covered Circles

1. Agar
2. Barwani
3. Burhanpur
4. Indore
5. Dewas
6. Dhar
7. Jhabua
8. Khandwa
9. Khargone
10. Mandsaur
11. Neemuch
12. Ratlam
13. Shajapur
14. Ujjain

Join Our Team- अगर आप इस Project में Interested हैं और काम से जुड़ना चाहते हैं, तो कृपया Follow करें और हमारे Office पर आकर Project की जानकारी एवं Visit करें।

Vacancy

Circle Incharge (सर्कल प्रभारी) | Supervisor (पर्यवेक्षक) | Technician (तकनीशियन)

Office Address : 103, 1st Floor, Princes Business Sky Park Scheme No. 54, A.B. Road, Indore (M.P.) – 452010

Contact No. : 7777819503

!! सावधान-सावधान-सावधान सूचना !!

राजेश-चंदेल

(ग्राम कोर्डियाबर्डी तहसील मल्हारगंज जिला इंदौर यहाँ पर स्थित सर्वे क्रमांक 6/3 भूभाग क्रमांक 104-A के संबंध में)

बहादुरसिंह

आमजन व खास जन को, सर्वजन को इस सावधान सावधान सावधान सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि निम्न छाया चित्र वाले **1. राजेश चंदेल पिता श्री मोतीराम चंदेल** निवासी ग्राम चटवाडा तहसील देपालपुर इंदौर **2. बहादुरसिंह पिता श्री गब्बुसिंह** निवासी ग्राम नाहरखेडा, तहसील हातोद, इंदौर से सावधान एवं आगाह किया जाता है कि, मेरे पक्षकार **तृप्ता अरोरा उर्फ़ प्रीतम अरोरा पति बी. एम. अरोरा** वर्तमान निवासी डी-72, गोयल काम्पलेक्स बोदकदेव, अहमदबाद गुजरात क़ी संपत्ति अर्थात कृषि भूमि जो की शहर इंदौर के **ग्राम कोर्डियाबर्डी तहसील मल्हारगंज जिला इंदौर म.प्र. यहाँ पर स्थित खसरा क्रमांक 6/3 भू-भाग क्रमांक 104 A** का फर्जी एवं कूटरचित आम मुख्तयार बनकर फर्जी एवं कूटरचित आम मुख्तयार पत्र से ग्राम पंचायत नैनोद में फर्जी संपत्तिकर रसीद कटवाकर उससे सन 2024 में तथाकथित रजिस्ट्री करवाई है। उक्त रजिस्ट्री फर्जी एवं कुटरचित है। इस प्रकार से संपत्ति स्वामिनी आज दिनांक तक भी तथा ग्राम पंचायत के रिकार्ड में भी हमारी पक्षकार तृप्ता अरोरा उर्फ़ प्रीतम अरोरा पति बी.एम. अरोरा ही है। परन्तु उस रसीद में स्वयं की संपत्ति स्वामी बताकर बहादुरसिंह पिता श्री गब्बुसिंह को रजिस्ट्री होना बताया गया है।

अतः हर आम जन व खास जन सभी को आगाह व सावधान किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संदर्भ में क्रय, विक्रय, दान, अतंरण व किसी भी प्रकार का व्यवहार इन दोनों व्यक्तियों से न करें, इन दोनों व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस, प्रशासन एवं कलेक्टर कार्यालय में तथा न्यायलय में विधिवत कार्यवाही की जा चुकी है। अतः हर आम एवं खास सचेत सावधान आगाह रहे, सौ सूचित होवे इंदौर, दिनांक.....

प्रमोद कुमार द्विवेदी (अधिवक्ता) नमन कुमार द्विवेदी (अधिवक्ता)
निवासी-112, अंबिकापुरी एक्सटेंशन, इंदौर आ.53/2
मोती तबेला रजिस्ट्रार आफिस के सामने, इंदौर मो-.98260-93634, 8878440002

स्वास्थ्य जांच एवं नशा जागरूकता कार्यक्रम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत इंदौर द्वारा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के तहत जिला अस्पताल में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं नशा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं एवं उपस्थित नागरिकों को स्वास्थ्य, पोषण तथा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। पंकज गोस्वामी, डॉ. रीतेश पाटीदार, डॉ. यशोदीप चौहान,आशीष जैन, प्रथम साबू, सार्थक चौहान, जयेश कटारिया, सजल गुप्ता का योगदान रहा।

माहेश्वरी पेढ़ी की साधारण सभा में 24 प्रतिशत लाभांश की घोषणा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री माहेश्वरी सहकारी पेढ़ी की वार्षिक साधारण सभा कल पदाधिकारियों और पेढ़ी के सदस्यों की मौजूदगी में आयोजित की गई। दीप प्रज्ज्वलन, चित्र पूजन, वंदे मातरम के बाद अध्यक्ष लवकुमार शारदा ने उद्बोधन दिया, वार्षिक लेखा-जोखा प्रहलाद सेठ और निलेश भूतड़ा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान संचालक ईश्वर बाहेती, सूर्यप्रकाश झंवर, राजेश मूंगड, मनोज कुइया, बलदेवदास जाजू, भरत तोतला, अजय लाहोटी, विजय सोमानी, गोविंद बियानी, विनीता काबरा, रचना बजाज, देवेन्द्र बाहेती की मौजूदगी में संचालक मंडल ने सदस्यों को 24 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की। जैसे ही यह घोषणा हुई सभी ने इस निर्णय का स्वागत किया। मौजूद सदस्यों को उपहार भी दिए गए। इस दौरान लक्ष्मण मुछाल, धनश्याम झंवर, महेश तोतला, डॉ. मनोहर सोमानी, राधेश्याम काबरा, कैलाश मूंगड़, नवीन धूत, राजेन्द्र असावा, राधेश्याम सारडा, मुरलीधर नवाल, पुष्प माहेश्वरी, गोपाल नागौरी, प्रकाश माहेश्वरी सहित अन्य सदस्य साधारण सभा में उपस्थित थे। उक्त पूर्ण जानकारी मंत्री मनोज कुइया ने संचालन के बाद दी।

विचार गोष्ठी का आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने शासकीय होलकर साइंस कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। विनोद मोहिने, अमिताभ श्रीवास्तव, ऋतुजा पहाडे, मीनाक्षी मिश्रा, सुनील सराठे, प्रवेश शर्मा, शिवफूल पगारे, सुनील सराठे, वीरेंद्र तिवारी, हरिओम दांगी मौजूद थे।

भंडारी का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हरिहर लहरी सम्मान से शिक्षाविद और अर्थशास्त्री डॉ. जयंतीलाल भंडारी को सम्मानित किया। सांसद शंकर लालवानी, राजेश्वरी विजय जोशी, अरविंद तिवारी, के.सी. शर्मा, वीरेंद्र व्यास, अनुराग जोशी, एके जोशी मौजूद थे।

सिंधी समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पूज्य सिंधी रोपाह पंचायत इंदौर द्वारा सिंधी समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सिंधु भवन, झूलेलाल मंदिर परिसर जयजगत कालोनी में किया गया। 85 छात्रों को स्मृति चिह्न और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। सांसद शंकर लालवानी, महंत जयेशदास उदासीन, डॉ. जयकुमार परियानी, नरेश फुंदवानी, कमलेश कालरा, आशा चांद, अनिल लोकवानी, लालचंद छाबड़ा, घनश्याम मलानी, गोपालदास परियानी, प्रकाश लालवानी, धनेश मटाई, भगवानदास कटारिया, प्रदीपकुमार खत्री, मनोहरलाल नागपाल, प्रकाश मदनानी, लालचंद टी.वाधवानी, मंशाराम राजानी, रानी हूंदलानी, कविता संगतानी, सुरेश घनानी, लाजपतराय पंजाबी, अनिल खेमानी, गुलाब जगवानी मौजूद थे।

हाजियों और जायरीन व समाजजनों का इस्तकबाल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

छीपा दहलवी जमातखाना बम्बई बाजार में हज पर गए हाजियों और उमराह पर गए जायरिनों के अलावा समाजसेवियों, मस्जिद के इमाम का सम्मान भी किया गया। आयोजन परवेज कुरैशी ने किया। कार्यक्रम में इसहाक पहलवान, मम्मू कुरैशी, उमर कुरैशी, लतीफ कुरैशी, साबिर कुरैशी, इमाम जब्बार, इमाम समद, मुर्तुजा अली बड़नगरवाला, जमील, इमरान कुरैशी, शहजाद अली कुरैशी, आरिफ राइन, शोएब राइन, जुबेर राइन, नईम कुरैशी, अमीन कुरैशी, मकबूल कुरैशी सहित अन्य मौजूद थे। संचालन साजिद रॉयल ने किया, जो जिला वक्फ कमेटी के सचिव है।

लता मंगेशकर को याद कर संगीत की एक शाम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लता मगेशकर को याद कर प्रेस क्लब में संगीत की एक शाम का आयोजन आरोहण रिकॉर्डिंग स्टूडियो द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गायक वीर चौहान, शरद खंडेलवाल, दीपक जैन, वीरेंद्र सिंह भाटी, बसंत ठक्कर, संजय जोशी, डीसी अग्रवाल, श्रीनिवास राव, महेन्द्र त्रिवेदी, सुभि चौहान, दीपक दंडवते, मनीष दुबे एवं गायिका शुभी चौहान, अनुमति शर्मा, शिल्पी मेहता, योगिनी दंडवते, विभा दुबे ने गीतों की प्रस्तुतियां दी। मधु मुकेश, सुनील बामनिया, रामकुमार गोस्वामी, दीपक मल्होत्रा मौजूद रहे।

ऑटो रिक्शा चालक करेंगे बाइक टैक्सी के खिलाफ प्रदर्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर ऑटो रिक्शा चालक महासंघ के शहर अध्यक्ष निलेश सूर्यवंशी, पंकज मालवीय, हरीश पंवार ने बताया है कि रैपीडो बाइक के विरुद्ध 2019 से कई आंदोलन चलाए गए हैं रैपीडो कंपनी है 20000 से अधिक बाइक टैक्सी ड्राइवर बिना पुलिस वेरीफिकेशन के बाइक टैक्सी का संचालन कर रहे हैं, डोमेस्टिक वहां का उपयोग कमर्शियल में किया जा रहा है। बाइक टैक्सी के खिलाफ ऑटो रिक्शा चालक 1 अक्टूबर को प्रदर्शन करेंगे। इस मुद्दे पर ऑटो रिक्शा चालक महासंघ ने गांधी हॉल में बैठक आयोजित कर निर्णय लिया कि 1 अक्टूबर की शाम 4.30 बजे पुलिस मुख्यालय पलासिया पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा और पुलिस कमिश्नर से मांग की जाएगी कि रैपिडो दो पहिया राइडर्स के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर दंडित किया जाए, बड़ी संख्या में ऑटो रिक्शा चालकों के साथ कार टैक्सी, ड्रायवर कल्याण के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। राजेश बिड़कर, सुशील चौहान, नीलेश सूर्यवंशी, पंकज मालवीय सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

दिल्ली और भोपाल के रचनाकार भी हुए शामिल

पुस्तक का विमोचन भी हुआ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राइटर क्लब ने संगोष्ठी और पुस्तक विमोचन का आयोजन कॉफी हाऊस पर किया। संगोष्ठी में दिल्ली के राधेश्याम बंधु और भोपाल के किशन तिवारी भी शामिल हुए। अर्जुन राठौर की पुस्तक चमत्कारी नीम करौली बाबा का विमोचन किया गया। मुस्तफा शाकिर, धीरज चौहान, रवि खंडेलवाल, सत्येंद्र जैन, सचिन, श्याम मुरारी, डॉ. अजय ढींगरा के साथ ही भरत सक्सेना, स्वतंत्र जैन, अर्जुन राठौर, राजेश शर्मा, चंद्रशेखर बिरथरे, विजय राज ने भी रचनाएं सुनाई।

वृद्धजनों और छात्रों लिया प्रतियोगिताओं में भाग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजशांति आशियाना वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए ड्रॉइंग एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वृद्धजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर सुंदर एवं आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कला और कल्पनाशीलता को अभिव्यक्त किया। इसी क्रम में आस्था वृद्धाश्रम में, इंडोर गेम्स एवं सॉफ्ट स्किल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अधिकारी ज्योति कुशवाहा प्रियंवदा द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया।

25 चिकित्सकों ने दी सेवाएं

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। क्लॉथ मार्केट वैष्णो स्कूल के स्थापना अमृत महोत्सव पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर में 25 से अधिक चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। विद्यार्थी, पालक, शिक्षक और कर्मचारियों ने शिविर का लाभ लिया। डॉ. गोविंद एस मालपानी, पुरुषोत्तमदास पसारी, देवेन्द्र नागर, मनीष बाहेती, अशोक तोतला, देवेन्द्र मुछाल, कमलनारायण भुराडिया, गिरधर गोपाल नागर, रवि सिंगी, अजय पसारी सहित अन्य मौजूद थे।

श्रीजी महायात्रा में मौजूद रहे जैन समाजजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

सैटेलाइट जैन समाजजनों ने एकजुट होकर क्षमावाणी पर्व को सार्थक कर प्रातःकाल श्रीजी की महायात्रा का आयोजन सैटेलाइट जिनालय से प्रारंभ कर आसपास के क्षेत्र मे धर्म प्रभावना करते हुए क्षमावाणी पर्व मनाया। महेन्द्र जैन ने बताया कि बुजुर्ग, युवा और मातृशक्तियां मौजूद रही। छोटे बच्चों और महिलाओं ने भी प्रस्तुतियां दी। समाजजनों ने अपने द्वार रंगोली बनाई, श्रीजी की आरती उतारी और सैटेलाइट वाले बाबा की अगवानी की। स्वर्ण रथ पर श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान का श्रृंगार देखने लायक था। श्रीजी महायात्रा के पश्चात् अभिषेक, शांतिधारा एवं क्षमावाणी का आयोजन भी किया गया।

ग्रामीण क्षेत्र में कलश यात्रा और भागवत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सांवेर-ग्राम शाहदा में कथावाचक भागवताचार्य जितेंद्र पाठक के सान्निध्य में भागवत कथा का शुभारंभ हुआ उसके पहले कलश यात्रा श्री तेजाजी मंदिर से निकाली गई जो कथा स्थल तक पहुंची। कल पहले दिन व्यासपीठ का पूजन संचोरा चौहान, कमल शर्मा, मुकेश सीताराम, महेश मेहता, लखन गंधर्व ने किया।

विश्व मैत्री दिवस पर आचार्य के प्रवचन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नेमिनगर जैन कॉलोनी में आचार्य सुनीलसागर म.सा. के सान्निध्य में विश्व मैत्री दिवस पर कार्यक्रम हुए। आचार्य ने प्रवचन में कहा कि भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म का संदेश सारे विश्व के लिए है। संसार मोह, अहंकार, ईर्ष्या का लोभ त्याग कर सुख शांति का पालन करें। क्षमावाणी पर आचार्य श्री ने कहा सबको दिल से क्षमा करें। इंद्रकुमार सेठी, कैलाश लुहाडिया, संदीप गंगवाल सहित अन्य मौजूद थे।

दलाल बाग में संत प्रवचन के बाद क्षमावाणी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दलाल बाग पर चल रहे दिगम्बर जैन समाज के चातुर्मास महोत्सव की धर्मसभा में राष्ट्रसंत सुधासागर म.सा. ने सार्थक प्रवचन दिए। अभिषेक कलश के बाद क्षमावाणी का आयोजन भी हुआ। नवीन गोधा, मनीष गोधा, हर्ष जैन, प्रिंसपाल टोंग्या, राहुल सेठी, संजय पाटोदी, हुकमचंद जैन, अशोक डोसी, गिरीश जैन, धर्मेन्द्र जैन, संजय सामरिया, धर्मेन्द्र जैन, प्रदीप ब्रह्मचारी, विनोद भैया, विजय दुर्रा, सौरभ बडजात्या, भूपेंद्र भोपाली सहित अन्य मौजूद थे।

जैन मंदिर में क्षमावाणी एवं रत्नत्रय पूजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पर्युषण पर्व के अवसर पर श्रीजी के अभिषेक संयोगितागंज दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री अनन्तनाथ जिनालय में हुए। एम के जैन ने बताया कि प्रातः जैन मन्दिरों में क्षमावणी एवं रत्नत्रय की पूजन हुई एवं सांयकाल जिनाभिषेक पश्चात समाजजनों ने एक दूसरे से गले मिलकर गत वर्ष जाने अनजाने हुई भूलों के लिये परस्पर क्षमा मांगी।

जैनेश झांझरी को श्रावक बस सुविधा पर मिला साधुवाद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दलालबाग में करीब 6 हजार श्रावकों की मौजूदगी में 10 दिनों तक श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन किया गया था। यह श्रावक रोजाना एक समय भोजन किसी भी जैन समाज के घर पर कर रहे थे उनके लिए बड़ी संख्या में बस और अन्य वाहन की व्यवस्था कराई गई थी। कौन-सा वाहन किस क्षेत्र के जैन समाजजन के यहां पहुंचेगे इसकी भी सूची रोजाना बनाई जाती थी और निर्धारित समय पर बस निकालने के साथ वापस समय पर बस को शिविर में पहुंचना रहना था। यह सारी व्यवस्था जैनेश झांझरी ने अपने सहयोगियों के साथ पूरी जिम्मेदारी से निभाई। पूरे इंदौर की चारों दिशाओं में इन श्रावकों को जैन समाजजनों के घर भेजा। बस के अलावा ट्रेवलर भी लगाई गई थी। यह व्यवस्था 10 दिनों तक रही। किसी भी दिन कोई अव्यवस्था सामने नजर नहीं आई। इस पर जैनेश झांझरी सहित उनकी टीम को साधुवाद भी मिला। जैनेश झांझरी, हुकुम जैन, अक्षय कासलीवाल, विमल अजमेरा, टीके वेद, पिंकेश टोंग्या , अजय जैन अज्जू, झोन प्रभारी राहुल जैन स्पोर्ट्स , अभिषेक अजमेरा , राजेश ख़ाकरोड वाला, अनूप गांधी, आकाश पांड्या, संजय जैन काका, वितुल अजमेरा, दिलीप बज, रवि जैन, वीरेन्द्र बड़जात्या, पवन पाटोदी, पुष्पेंद्र जैन सोनू, प्रमोद पापड़ीवाल, नीलेश सेठी, महावीर बैनाड़ा, राजकुमार बड़जात्या, कपूर पाटनी, राजेन्द्र लुहाड़िया, सलिल जैन, अभिजीत जैन, आश्रय गंगवाल और बस संयोजकों का सहयोग मिला। इतना होने के बाद भी कल जैनेश झांझरी ने कहा कि अगर कोई बस सुविधा में असुविधा हुई तो हम क्षमाप्रार्थी है।

संस्था अग्र मंच ने की बैठक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था अग्र मंच के आशीष-दीपिका गोयल ने बताया कि अग्रसेन जयंती उत्सव पर होने वाले आयोजनों की तैयारियों को लेकर बैठक कर होने वाले आयोजनों की रूपरेखा तय की गई। ''मन से माधव तक एक पहल'' का आयोजन किया जाना है उसे लेकर पूरी तैयारी मौजूद अग्र बंधुओं को बताई और जिम्मेदारी भी तय की गई। कार्यक्रम के अन्तर्गत रवीन्द्र नाट्यगह में जिसके अंतर्गत मन में माधव किड्स रैंप एवं माधव के जीवन की प्रमुख महिलाओं के साथ एक म्यूजिकल प्ले प्रस्तुत होगा। बैठक में आशीष-दीपिका गोयल, जीतू गोयल, स्वाति गोयल, वर्षा गोयल, षिता अग्रवाल, ऐश्वर्या गोयल, खुशबू अग्रवाल, शीना केडिया, तन्वी अग्रवाल,स्वाति तायल शुभांगी गोयल सहित अन्य मौजूद थे।

अग्रसेन सेवा संगठन ने किया दीपोत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अग्रसेन सेवा संगठन द्वारा महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थल पर दीपोत्सव का आयोजन बडी संख्या में अग्र बंधुओं की मौजूदगी में किया। पूजन अर्चन के बाद दीप प्रज्जवलन का आयोजन हुआ। सैकडों दीपों से प्रतिमा स्थल जगमगा उठा। राजेश–उषा बंसल, टीकमचंद गर्ग, शीतल-संजय तोडीवाला, जगदीश गोयल, महेश मित्तल, अरविन्द बागडी, प्रहलाद अग्रवाल दादा, रानी राजेंद्र अग्रवाल, रूपाली राजेंद्र अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, रितु राकेश मित्तल, मीना नारायण गोयल, रेखा गिरीश तोड़ीवाला, पूजा अभय अग्रवाल, सृष्टि शैलेश गोयल, पूनम अनिल अग्रवाल, विशाल–मीनू अग्रवाल,गौतम–दीपा मोदी, दीपक–राजकुमारी गर्ग, रजत गर्ग, महेंद्र–सुनीता गर्ग, नितिन–नेहा मित्तल, सुनीता–नवनीत अग्रवाल, सुमित–चंचल अग्रवाल, रोशन–रानी अग्रवाल, नवीन–प्रीति गर्ग, पूनम–विवेक गोयल एवं अमन–शीतल सिंघल मौजूद थे।

वैश्य समाजजनों की मौजूदगी जमकर दिखी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मप्र वैश्य महासम्मेलन की मेजबानी में 25 प्रमुख समाजों के दो दिवसीय परिचय सम्मेलन में बहुत बडी संख्या में कल दूसरे दिन रविवार को भी पदाधिकारी और समाजजन पहुंचे। वैश्य एकता की दिशा में इस परिचय सम्मेलन को महत्वपूर्ण प्रयास बताया गया। कल रविवार होने की वजह से बडी संख्या में युवक-युवती और उनके अभिभावक के साथ निकट के रिश्तेदारों के अलावा 25 वैश्य समाजों के समाजजन भी दस्तूर गार्डन पहुंचे थे। अरविन्द बागडी, धीरज खंडेलवाल, अशोक खंडेलवाल, प्रवीण नीखरा, शिव जिंदल, राजेश गर्ग ने बताया कि कल रविवार को कई रिश्तों पर महत्वपूर्ण चर्चा हो चुकी थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, मंत्री तुलसीराम सिलावट, सुदर्शन गुप्ता, गिरीश अग्रवाल, विमल तोडी, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, पवन सिंघानिया, बसंत खटोड, नितिन अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, निपूर्ण गर्ग, राजेश गर्ग केटी, दीपक जैन टीनू, हर्ष जैन, ईश्वर बाहेती, नितिन माहेश्वरी, विनोद गोयल, ओमप्रकाश अग्रवाल मौजूद थे।

गार्डन के बाहर पेड़ बिजली के खंभे पर झुका

आधे से ज्यादा झुके पेड़ को हटाने के लिए भी अनुमति का इंतजार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नेहरू स्टेडियम के सामने वाले रेसीडेंसी गार्डन के बाहर नीम का पेड़ आधे से ज्यादा झुक कर बिजली के पोल पर जाकर टिक गया है। जिसके कारण किसी भी दिन कोई हादसा या दुर्घटना हो सकती है। इसके बावजूद निगम के जिम्मेदार और रेसीडेंसी गार्डन संभालने वाले प्रबंधन को अनुमति का इंतजार है। जबकि पिछले कई महीनो से यह पेड़ आधे से ज्यादा झुकी हालत में बिजली के पोल पर जाकर टिका हुआ है। ऐसी स्थिति में किसी भी दिन कोई दुर्घटना या हादसा हो सकता है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों और आसपास के घुमने आने वाले लोगों के मन में आशंका है। जिसको लेकर गार्डन आने वाले कई लोगों ने इस मामले में निगम के उद्यान विभाग के अफसरों को शिकायत भी कर दी है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी लंबे समय से इस मामले में अनदेखी कर रहे हैं।

इधर,पारसी मोहल्ले में 80 डिग्री से ज्यादा झुके पेड़ की स्थिति भी खराब

यही नहीं इसके अलावा वार्ड 63 से जुड़े छावनी पारसी मोहल्ला क्षेत्र में साक्षी अपार्टमेंट के बाहर लंबे समय से एक 70 साल से ज्यादा पुराना बड़ा पेड़ करीब 80 डिग्री से ज्यादा झुकी हालत में मकान के ऊपर जाकर झुक गया है। जिसको अन्य जगह शिफ्ट करने या इस

स्थान से हटाने को लेकर क्षेत्र के रहवासियों ने कई बार शिकायत कर दी। बावजूद इसके निगम के उद्यान विभाग के अफसरों और क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार शिकायत के बावजूद इस मामले में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों में नाराजगी है।

पेड़ों की खतरनाक स्थिति के हिसाब से होना चाहिए हटाने का फैसला

लोगों का साफ कहना है कि जब पेड़ की औसत उम्र पूरी हो जाए या इस स्थिति में हो जाए जिसके कारण दुर्घटना या हादसा हो सकता है तो ऐसे पेड़ को अन्य जगह शिफ्टिंग कर देना चाहिए, या हटा देना चाहिए ताकि रहवासी इलाके में पेड़ की इस हालत के कारण कोई हादसा या दुर्घटना ना हो।

विकास के नाम पर हो रही शहर में पेड़ों की बलि

गौरतलब है कि शासन-प्रशासन के आदेश पर शहर में विकास के नाम पर नई सड़कों के निर्माण के लिए हजारों की संख्या में पेड़ों की बलि दी जा रही है। लगातार ब्रिज निर्माण और सड़कों के निर्माण के लिए पेड़ों को बड़ी संख्या में काटा जा रहा है। यही नई शिफ्टिंग भी की जा रही है। लेकिन यहां रहवासियों की शिकायत के बावजूद लंबे समय से प्रशासन खतरनाक स्थिति के पेड़ों की अनदेखी कर रहा है।

पानी की कमी ने अटकाया लायब्रेरी निर्माण कार्य

75 फीसदी से ज्यादा काम पूरा,बचे काम के चक्कर में इंतजार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 47 के मालवामिल क्षेत्र में आधा दर्जन बस्तीयों और आसपास की अन्य कालोनियों के जरूरत मंद बच्चों और क्षेत्र के युवाओं को उचित शिक्षा के लिए क्षेत्रीय पार्षद और विधायक के प्रयासों से आधुनिक सुविधाओं वाली नवीन लाइब्रेरी की सौगात मिलने वाली थी। जिसका वर्तमान में लगभग 75 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। लेकिन अब लगातार बारिश की खेच और पानी की कमी के चलते ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य धीमी गति से कर दिया है। लाइब्रेरी का निर्माण कार्य फिलहाल अटक गया है। जबकि पहले काम तेजी से चल रहा था। इसीलिए बिल्डिंग निर्माण का कार्य आगे से ज्यादा पूरा हो चुका है। लेकिन आप पानी की कमी के चलते पिछले कुछ समय से काम बिल्कुल रुक गया है। जिससे लाइब्रेरी

निर्माण कार्य अधूरा रहने से क्षेत्र के लोगों को अभी निशुल्क लाइब्रेरी की सौगात के लिए और इंतजार करना पड़ेगा।

डेढ़ करोड़ की लागत से हो रहा आधुनिक पुस्तकालय का निर्माण

बड़ी बात यह है कि क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया और वार्ड 47 के पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया के प्रयासों से मिल क्षेत्र में पहली बार लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से निगम द्वारा बस्ती क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक शिक्षा और भविष्य निर्माण के लिए आधुनिक लाइब्रेरी की सौगात देने के लिए करीब साल भर से निर्माण कार्य किया जा रहा है। पानी के कारण पिछले कुछ समय से यहां का निर्माण कार्य रुक गया है हालांकि पार्षद पहाड़ियां का कहना है कि क्षेत्र के निवासियों के लिए लाइब्रेरी की सौगात के निर्माण का कार्य वर्तमान में 75 फीसदी से ज्यादा हो चुका है। वहीं शेष बचे निर्माण कार्य के लिए बारिश का इंतजार किया जा रहा है। बारिश होते ही निर्माण कार्य में दोबारा तेजी आएगी और इसके बाद जल्द क्षेत्र के रेवासियों को अपने घर के नजदीक आधुनिक की लाइब्रेरी की सौगात मिलेगी जहां क्षेत्र के बच्चे सभी तरह की धार्मिक सामाजिक और अपने विषय से संबंधित पुस्तक एक स्थान पर आराम से पढ़ सकेंगे।

उजाड़ बेल्ट पर लाखों खर्च कर होगा संवारने का काम

ग्रीन बेल्ट के हिस्से में मिलेगी एक और बगीचे की सौगात

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 51 से जुड़ी पूर्वी रिंग रोड़ के बड़े हिस्से में सर्विस रोड के पास श्री कृष्ण कॉलोनी और बाबूलाल नगर के सामने स्थित ग्रीन बेल्ट के उजाड़ हिस्से को संवारने के लिए निगम द्वारा करीब 55 लाख रुपए के आसपास खर्चकर सौंदर्यकरण के कई कार्य एक साथ शुरू किए जाएंगे। जिसको लेकर पूरी प्लानिंग के साथ यहां काम शुरू करने की तैयारी शुरू हो गई है।

ग्रीनरी के साथ होगा लंबा-चौड़ा वाकिंग ट्रेक तैयार- खास बात यह है कि वार्ड 51 की श्री कृष्णा कॉलोनी और बाबूलाल नगर के साथ आसपास की अन्य बस्तीयों के रहवासियों को घर के नजदीक ग्रीन बेल्ट के हिस्से में चारों ओर ग्रीनरी के साथ आकर्षक बगीचे की सौगात मिलने वाकी है। जिसको लेकर क्षेत्रीय वार्ड

51 के पार्षद मलखान कटारिया द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहें है। कटारिया ने बताया नए बगीचे में लंबा-चौड़ा वाकिंग ट्रेक के साथ हरियाली और खेलकूद और मनोरंजन के साधन भी जुटाए जाएंगे। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले-चकरी फिसल पट्टी की व्यवस्था भी की जाएगी।

बैठक व्यवस्था भी की जाएगी- वहीं बुजुर्गों के लिए शानदार रंगीन बेंचें लगाकर बैठक व्यवस्था की जाएगी। सौंदर्य करण के कार्यों के साथ रोशनी के लिए आकर्षक डिजाइनर पोल पर लाइटिंग लगाकर उजाले की व्यवस्था भी की जाएगी। जबकि अभी श्रीकृष्ण नगर और बाबूलाल नगर के रहवासियों के साथ मिलकर निगम सहयोग से मानसून सीजन में एक से बढ़कर एक पेड़-पौधे लगाने का अभियान लगातार चलाए जा रहा है।

विधायक के सहयोग से लगाएंगे जिम के उपकरण- वहीं पार्षद मलखान कटारिया ने बताया अब नए तैयार होने वाले बगीचे में विधायक महेंद्र हार्डिया के सहयोग से लोगों की सेहत बनाने के लिए जिम के आधुनिक उपकरण भी लगवाए जाएंगे ताकि लोग सुबह-शाम घूमने के साथ घर के पास ग्रीन बेल्ट के हिस्से में तैयार बगीचे में सुबह शाम व्यायाम और कसरत भी कर सकेंगे।

सड़क का काम पूरा होने में अभी और लगेगा 2 महीने का समय

मामला ट्रेजर टाउनशिप कॉलोनी को एबी रोड से जोड़ने का

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राऊ विधानसभा के अंतर्गत वार्ड 78 से जुड़े बिजलपुर क्षेत्र की ट्रेजर टाउनशिप कालोनी से जुड़ी मुख्य सड़क के नवनिर्माण और चौड़ीकरण का कार्य पूरा होने में अभी कम से कम डेढ़ से दो माह का समय और लगेगा। जबकि आधे से ज्यादा काम पूरा हो चुका है, फिर भी अभी कई हिस्सों में सड़क निर्माण सहित अन्य कई काम बाकी है जिसमें बचे कई हिस्सों में सड़क निर्माण कार्य के साथ दोनों ओर फुटपाथ निर्माण और वर्तमान में सेंट्रल डिवाइडर निर्माण का कार्य भी शामिल है। हालांकि अभी पेट्रोल पंप की ओर से तैयार सड़क पर बीच में हाथों हाथ डिवाइडर निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा डिवाइडर निर्माण के बाद इसमें मिट्टी डालकर ग्रीनरी के लिए पेड़ - पौधे लगाने का काम भी किया जाएगा। इसके अलावा रोशनी के लिए भी बीच के हिस्से में 70 से ज्यादा नए बिजली के पोल पर सवा सौ से ज्यादा तेज रोशनी वाली नई एलइडी लाइटिंग जगमगाएगी।

सड़क प्रोजेक्ट से जुड़े निगम अधिकारियों के मुताबिक हमारा प्रयास है कि हर हाल में बिजलपुर क्षेत्र की ट्रेजर टाउनशिप के सामने से लेकर एबी रोड पेट्रोल पंप तक बन रही 100 फीट चौड़ी फीडर रोड निर्माण का कार्य आने वाले दिनों में बेहद जल्द दीपावली से पहले पूर्ण कर लिया जाए। जिसको लेकर वर्तमान में यहां दिन-रात तेजी के साथ सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य चलाया जा रहा है। साथ ही जैसे-जैसे बाधाएं दूर हो रही है। सड़क निर्माण कार्य में तेजी नजर आ रही है। यही नहीं सड़क निर्माण के साथ फुटपाथ निर्माण का कार्य भी किया जाएगा। जिसके लिए सड़क चौड़ीकरण की जगह से करीब 40 से ज्यादा बाधक निर्माण हटाकर आने वाले दिनों में बेहद जल्द सड़क निर्माण कार्य में और ज्यादा तेजी लाने की तैयारी है। गौरतलब है कि करीब साढ़े ग्यारह करोड रुपए के आसपास की लागत से बन रही नवीन फीडर रोड का काम लंबे समय से चल रहा है। वहीं अब अफसरों का कहना है कि हमारी कोशिश हर कि अगले डेढ़ से दो माह के भीतर दीपावली से पहले यहां सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा करवा लिया जाए।

अब उद्यान विभाग सड़क किनारे लगे वृक्षों के आसपास से हटाएगा सीमेंट कांक्रीट का जाल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अब इंदौर नगर निगम का उद्यान विभाग शहरी क्षेत्र में सड़क के आसपास किनारों पर लगे पेड़ों के आसपास का कंक्रीट जाल और पेवर ब्लॉक हटाकर पेड़ों के आसपास पर्याप्त कच्ची जगह उपलब्ध कराने का कार्य जल्द ही शुरू करेगा। जिससे पेड़ों को विकसित होने और पर्याप्त फल - फूलने के लिए बेहतर कच्ची जगह उपलब्ध होगी। यही नहीं निगम के उद्यान विभाग की इस प्रक्रिया से शहर की हरियाली बचाने के लिए बड़ा फायदा यह होगा बारिश का पानी सीधे पेड़ों की जड़ों तक जाएगा। वहीं इससे पेड़ों को बढ़ने में बड़ी मदद मिलेगी। साथ ही बारिश का पानी पेड़ों की जड़ों तक सीधे जाने से भविष्य में पानी की कमी से कभी कोई भी पेड़ सूखेंगे नहीं। बड़ी बात यह है कि अभी पूरे शहर में हरियाली पेड़ पौधों के आसपास सीमेंट कंक्रीट का बड़ा जाल है। यहां तक की बगीचों में भी पेवर ब्लॉक और सीमेंट का कंक्रीट के आसपास पेड़ लगे हैं जिनको पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। बारिश का पानी सीमेंट कंक्रीट के द्वारा सोखने के कारण पेड़ों की जड़ों तक बारिश का पानी नहीं पहुंच पाता।

संपादकीय

तीन साल बाद भी नहीं थमी मणिपुर हिंसा, कब निकलेगा संकट का समाधान?

आज भी अलग-अलग जातीय समुदाय कई जगहों पर एक दूसरे के खिलाफ खड़े हैं और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। करीब तीन साल से ज्यादा गुजर जाने के बावजूद आज भी मणिपुर में जो हालात हैं, उससे यही लगता है कि या तो सरकार को समस्या के समाधान का कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है या फिर स्थिति की जटिलता को लेकर शासन-प्रशासन उदासीन है। वरना इतने वक्त में सभी पक्षों को संवाद की मेज पर लाकर कोई सर्वमान्य हल निकालने के बजाय आखिर ऐसा क्यों है कि संकट का स्तर ज्यों का त्यों बना हुआ है। आज भी अलग-अलग जातीय समुदाय कई जगहों पर एक दूसरे के खिलाफ खड़े हैं और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। स्थिति का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सरकार को एक बार फिर से कुछ इलाकों को छोड़ कर मणिपुर को अशांत क्षेत्र घोषित करने की जरूरत पड़ गई। जाहिर है, राज्य में हिंसा पर काबू पाने में शुरुआती लापरवाही का सिरा अब भी कायम है और सरकार एक तरह से लाचार दिख रही है। क्या यह राज्य में कानून-व्यवस्था को संभाल पाने में सरकार की नाकामी का सबूत नहीं है? गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नगालैंड के कुछ जिलों के साथ-साथ मणिपुर में तेरह थाना क्षेत्रों को छोड़ कर समूचे राज्य को फिर से अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है। अब इन इलाकों में एक अक्तूबर के बाद अगले छह महीनों तक यह नियम लागू रहेगा। दूसरी ओर, मणिपुर के कामजोंग जिले में तांगखुल नगा समुदाय के चार लोगों के गोलियों से छलनी शव मिले। दरअसल, मणिपुर में हिंसा के एक जटिल दुश्चक्र में पहुंच जाने की वजह सरकार की वह अनदेखी है, जो सामान्य दिनों में की गई। मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के सवाल पर उपजे विवाद ने कुकी-जो समुदाय के साथ टकराव का रूप ले लिया और मई 2023 में हिंसा की शुरुआत हुई। उससे पहले ही अगर सरकार ने जरूरी सजगता दिखाई होती, तो हालात यहां तक नहीं पहुंचते। आज भी न केवल कुकी-जो और मैतेई समुदायों के बीच हिंसक टकराव जारी है, बल्कि उस हिंसा का विस्तार अन्य समुदायों तक भी हो गया है। सवाल है कि अक्सर सब कुछ ठीक हो जाने का दावा करती केंद्र और राज्य सरकार के भीतर इस समस्या को खत्म करने और टकराव के मोर्चे पर खड़े अलग-अलग पक्षों के बीच संवाद कायम कर एक हल तक पहुंचने की इच्छाशक्ति क्यों नहीं दिखती! महाराष्ट्र की समान नागरिक सहिंता समिति की दूसरी बैठक के दो दिन बाद बॉम्बे हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस आरसी चव्हाण ने पैनल से इस्तीफा दे दिया है।

यातायात जागरूकता पुलिस ने दिखाई

इंदौर। यातायात जागरूकता अभियान के तहत गोपूर चौराहा व महुनाका चौराहे पर यातायात सिग्नल पर रुकने वाले वाहन चालको को यातायात टीम के द्वारा यातायात नियम की तख्तियां दिखाकर एवं ड्रोन रिमोट के स्पेशल वॉइस फीचर्स के माध्यम से यातायात नियम सुना कर वाहन चलाको को जागरूक किया गया! ताकि वाहन चालक देख कर व सुनकर यातायात नियम का पालन करें! इसी अभियान को आगे बढ़ते हुए यातायात जागरूक बाइकर्स व यातायात टीम के द्वारा पी ए बूस्र के माध्यम से गोपूर चौराहे से महुनाके चौराहे तक यातायात नियम अनाउस किया गया!यातायात अभियान केवल चौराहे तक नहीं बल्कि हर एक वाहन चालक तक पहुँचाना ही यातायात टीम का उददेश्य हैं।

सोना और चांदी में गिरावट

इंदौर. सिटी ब्लास्ट। आज सुबह एमसीएक्स पर सोना और चांदी में बड़ी गिरावट देखी गई। सोना 1.5 लाख के नीचे पहुंचकर एक 1,48,280 प्रति 10 ग्राम, चांदी 2,28,680 प्रति किलो पर पहुंची। चांदी में 6 हजार रुपए की गिरावट देखी गई।

सोना-चांदी के आज के भाव

गोल्ड कैश	एमसीएक्स
146400	148200
सिल्वर कैश	**एमसीएक्स**
228000	229000

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

मामूली विवाद में तीन दोस्तों पर चाकू से जानलेवा हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आजाद नगर थाना क्षेत्र के मूसाखेड़ी इलाके में बेखौफ बदमाशों द्वारा तीन दोस्तों पर चाकू से जानलेवा हमला करने की वारदात सामने आई है। विवाद की सूचना पर पहुंचे दोस्तों को घेरकर बदमाशों ने गाली-गलौज की और विरोध करने पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। इस हमले में तीनों युवक चाकू के वार से लहूलुहान हो गए। आजाद नगर थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, न्यू इंदिरा एकता नगर मूसाखेड़ी निवासी अमित उर्फ दीपक पिता जियालाल चौधरी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि वह अपने दोस्त लकी चौहान के साथ खड़ा था, तभी उनका साथी शिवांश उर्फ शिवा

पैर व हाथ में चाकू लगने से तीनों घायल, केस दर्ज

निवासी सीताराम पार्क कॉलोनी वहां आया और बताया कि उसका कुछ लोगों से विवाद हो गया है। इसके बाद अमित और लकी, शिवांश की एक्सेस स्कूटर पर पीछे बैठकर मामले की जानकारी लेने पवन ट्रैवल्स के सामने, इंदिरा एकता नगर मूसाखेड़ी सर्विस रोड पहुंचे। मौके पर पहले से मौजूद आरोपी दीपक उर्फ राजेश मीणा निवासी चंद्रपुरी कॉलोनी, खाती मोहल्ला, सीमोन पिता अमित मसीह, निवासी अजयबाग कॉलोनी और सुमित राठौर निवासी चंद्रपुरी कॉलोनी उन्हें देखते ही गालियां देने लगे। जब अमित और शिवांश ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी दीपक मीणा ने जान से मारने की नियत से चाकू निकाल लिया। इसी दौरान आरोपी सीमोन ने अमित और शिवांश को दबोच लिया, जिसके बाद दीपक ने अमित के बाएं पैर की जांघ पर चाकू से वार कर दिया, जिससे भारी खून बहने लगा। बीच-बचाव के दौरान लकी की बाईं कोहनी पर भी चाकू लग गया। वारदात के दौरान आरोपी सुमित राठौर ने दीपक के हाथ से चाकू छीन लिया और शिवांश पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। चाकू शिवांश के बाएं पैर की जांघ में जा घुसा, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला करने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवकों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। आजाद नगर थाना पुलिस ने पीड़ित अमित की रिपोर्ट पर आरोपी दीपक मीणा, सीमोन मसीह और सुमित राठौर के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश तेज कर दी है।

फोन कर बुलाया फिर बीयर की बोतल फोड़कर युवकों पर किया हमला

इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में रंजिश के चलते एक युवक और उसके दोस्त के साथ गाली-गलौज, मारपीट और कांच की बोतल से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले तो फरियादी को फोन करके मिलने बुलाया, फिर कैफे के बाहर ले जाकर उसके दोस्त के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने बीयर की बोतल फोड़कर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें बीच-बचाव करने आया युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर लसूड़िया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पंचशील नगर लोहा मंडी निवासी विनायक शर्मा पिता मुकेश शर्मा ने थाने पहुंचकर आपबीती दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि आरोपी राहुल यादव ने उसे फोन करके मुलाकात करने के लिए बुलाया था। मुलाकात के दौरान आरोपी राहुल, विनायक के दोस्त गोपाल को बिना वजह गालियां देने लगा। पास में ही 'हब' के पास पुलिस की मौजूदगी देखकर आरोपी सभी को फिरंगी कैफे के सामने ले गया, जहां राहुल और उसके सहयोगियों ने विनायक व गोपाल के साथ अश्लील गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान गुस्साए आरोपी राहुल ने अचानक बीयर की खाली बोतल फोड़ी और गोपाल पर वार करने के लिए दौड़ा। जब विनायक ने अपने दोस्त गोपाल को बचाने के लिए तुरंत बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो कांच की टूटी बोतल का वार विनायक के दाहिने हाथ की अंगुली पर लग गया। हमले में अंगुली कट जाने से खून बहने लगा, जिसके बाद आरोपी मौके से धमकी देते हुए फरार हो गए।

फिरंगी कैफे के पास घटी घटना, बीच-बचाव में दोस्त की अंगुली कटी

समझाने गए युवक के सिर पर पत्थर मारकर किया लहूलुहान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के कुंदन नगर इलाके में गाली-गलौज कर रहे युवकों को रोकने गए एक व्यक्ति पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित की नाक पर किसी नुकीली भारी वस्तु से हमला कर दिया और सिर पर पत्थर दे मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने आरोपियों और उनके साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, कुंदन नगर निवासी मनीष पिता नारायण सोलंकी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि आरोपी सुमित, कबीर और उनके अन्य साथी किसी बात को लेकर आपस में गालियां दे रहे थे। माहौल खराब होता देख जब मनीष उन्हें समझाने पहुंचे और सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी उग्र हो गए और उल्टा मनीष के साथ ही बदसलूकी करने लगे। जब मनीष ने उन्हें गालियां देने से रोका, तो आरोपी सुमित ने अपने हाथ में ली हुई किसी वस्तु से सीधे मनीष की नाक पर हमला कर दिया। इसके तुरंत बाद आरोपी कबीर ने पास पड़ा भारी पत्थर उठाकर मनीष के सिर के पिछले हिस्से पर मार दिया, जिससे उनका सिर फट गया और भारी मात्रा में खून बहने लगा। इस दौरान उनके अन्य सहयोगियों ने भी पीड़ित के साथ लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से भाग निकले।

युवती से बदसलूकी और सहकर्मी से मारपीट

बिल्डिंग में घुसकर अश्लील गालियां देने और बुरी नीयत से छूने का आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़छाड़ और उसके साथी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता जब अपने सहकर्मी के साथ घर पहुंची, तो उसकी बिल्डिंग में रहने वाले सुमित अग्रवाल नामक सिरफिरे ने अश्लील गालियां देते हुए इस वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर आरोपी ने युवती के साथी पर घूंसे और थप्पड़ बरसा दिए, वहीं युवती के साथ बदसलूकी करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

तुकोगंज पुलिस के अनुसार, 21 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुंचकर आपबीती दर्ज कराई। फरियादिया ने बताया कि वह अपनी ड्यूटी खत्म कर अपने साथी आदित्य के साथ घर लौटी थी। तभी उनकी ही बिल्डिंग में रहने वाला आरोपी सुमित अग्रवाल निवासी माया मेंशन, एमजी रोड वहां आ धमका और बिना किसी वजह के अश्लील भाषा का इस्तेमाल करते हुए गालियां देने लगा। जब पीड़िता और उसके साथी आदित्य ने इसका विरोध किया, तो आरोपी उग्र हो गया और आदित्य पर हाथ-थप्पड़ों तथा घूंसों से हमला कर दिया। इस मारपीट में आदित्य की गर्दन, मुंह और कोहनी पर गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान जब पीड़िता ने अपने साथी को बचाने का प्रयास किया और आरोपी को रोकने की कोशिश की, तो सुमित अग्रवाल ने बुरी नीयत से पीड़िता को गलत तरीके से छुआ और उसे जोर से धक्का दे दिया। इतना ही नहीं, आरोपी ने युवती पर झूठे आरोप लगाते हुए कहा कि क्या तुमने यहां अय्याशी का अड्डा बना रखा है और जाते-जाते दोनों को जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

देश के वीर शहीद भगतसिंह को याद किया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह जी की जयंती के अवसर पर आज राजमोहला चौराहे पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर प्रभारी महापौर राजेन्द्र राठौर, पार्षद भरत रघुवंशी सहित अन्य ने माल्यार्पण किया। आज अन्य संस्थाओं से जुड़े लोग भी पहुंचे, जिन्होंने देश के वीर शहीद को याद किया, माल्यार्पण का आयोजन भी किया।

भगत सिंह के नाम तिरंगा यात्रा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज देश के वीर शहीद भगत सिंह की जयंती है, जहां सुबह से उनकी राजमोहल्ला प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जा रहा है। वहीं आज शुभ कारज गार्डन राजीव गांधी चौराहा से तिरंगा यात्रा थोड़ी ही देर में निकाली जाना है यह यात्रा दोपहर में राजीव गांधी सर्कल से होती हुई राजमोहल्ला भगतसिंह प्रतिमा पर पहुंचेगी, जहां देश के वीर शहीद को माल्यार्पण भी किया जाएगा। उक्त जानकारी पवन अहीरवार ने दी।

एमवाय में सैलेरी नहीं मिली तो हो गई हड़ताल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एमवाय में ठेका पद्धति पर कार्यरत बीबीजी कम्पनी के कर्मचारियों ने काम बंद कर बाहर आकर नारेबाजी करते हुए अपने वेतन की मांग की और धरना पर बैठ गए। आज सुबह इन कर्मचारियों ने अपनी दो माह से वेतन नहीं मिलने की बात भी कही। एमवाय प्रशासन से मांग की कि वे ठेकेदार कम्पनी से चर्चा कर हस्तक्षेप करें और वेतन दिलवाए।

विधायक ने किया मुख्यमंत्री का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विधायक महेन्द्र हार्डिया ने सम्मान किया। शेखर चौधरी सहित अन्य भाजपाई भी मौजूद रहे।

आज हड़ताल खत्म और खुल गई बैंकें

कर्मचारी बोले बेवजह कल रविवार हो गया खराब

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पांच दिवसीय बैंक सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस के आव्हान पर तीन दिवसीय बैंक हड़ताल का कहा गया था और इसीलिए रिजर्व बैंक ने कल देश भर की सरकारी बैंकें रविवार को चालू रखी थी। कल चर्चा के बाद यह निर्णय लिया कि बैंक अधिकारी और कर्मचारी हड़ताल पर नहीं जाएंगे। पांच दिवसीय बैंक सप्ताह की मांगे स्वीकृत नहीं होने के बावजूद हड़ताल समाप्त की गई, कुछ मुद्दों पर बात बनी है, इसकी जानकारी कल शाम से ही बैंक कर्मियों को लगना शुरू हो गई थी, वे बोले कि जब हड़ताल ही समाप्त करना थी तो रविवार के पहले कर लेते, कल रविवार का दिन बैंक की ड्यूटी में खराब नहीं होता। उल्लेखनीय है कि कल सभी सरकारी बैंकें अपने निर्धारित समय तक शुरू होकर चालू रही थी और कामकाज भी पूरी तरह चला था। आज हड़ताल समाप्त होने के बाद सुबह से बैंकों में सामान्य रूप से कामकाज शुरू हो गया है।

बिड़वाल में दुकान में घुसकर युवक से की मारपीट, 2 के खिलाफ मामला हुआ दर्ज

बदनावर/धार प्रतिनिधि। बदनावर के ग्राम बिड़वाल में मां दुर्गा इलेक्ट्रिकल्स में 2 बदमाशो ने दुकान के अंदर घुसकर दुकानदार से मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शनिवार रात्रि की है। फरियादी दिलीप पिता दशरथ पाटीदार उम्र 37 वर्ष निवासी बिड़वाल ने थाने में मामला दर्ज करवाया की में अपनी दुकान पर रात करीब 10 बजकर 15 मिनट पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के केशव बोरिया और हर्ष बोरिया दुकान पर पहुंचे। और हर्ष बोरिया ने कहा की आपकी भांजी से मै शादी करना चाहता हूं। हम दोनों ने आपस में शादी करना तय किया था। लेकिन तुम मामा होकर भी उसकी शादी मुझसे नहीं होने दे रहे हो।

तो मैने उनको समझाया की पहले भी परिवारों में आपस में चर्चा हो चुकी है। की यह शादी नहीं हो पाएगी। अब तुम ऐसी बात करने क्यों आएं हो। बातचीत के दौरान विवाद इतना बढ़ गया की आरोपियों ने अपशब्द बोलते हुए हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए फरियादी से मारपीट कर दी। आरोपी केशव ने दुकान के काउंटर पर रखी वस्तु से उसके साथ मारपीट की जिससे फरियादी की आँख पर चोट लगने से खून बहने लगा। तथा जाते जाते दोनों आरोपियों ने धमकी देते हुए कहा की आइंदा हमारे काम में रुकावट लगाई तो देख लेंगे। मामले में फरियादी दिलीप पिता दशरथ पाटीदार उम्र 37 वर्ष निवासी बिड़वाल की रिपोर्ट पर कानवन थाना पुलिस ने आरोपी केशव पिता गगन बोरिया एवं हर्ष पिता दिनेश बोरिया के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (ऍए) की धारा 352 और 115(2) के तहत असंज्ञेय अपराध में कानवन थाने में प्रकरण दर्ज किया है। ईधर घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें आरोपी बातचीत करते करते अचानक मारपीट करते हुए नज़र आ रहे है।

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी आया सामने, मारपीट करते हुए दिखे बदमाश

विज्ञापन बोर्डों से निगम का खजाना भरेगा, दो लाख दुकानों का होगा सर्वे

अभी सालाना 1-2 करोड़ की वसूली एजेंसी के माध्यम से होगा सर्वे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। निगम की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए अब दुकानों पर लगे विज्ञापन बोर्डों से ज्यादा राजस्व जुटाने की तैयारी है। अभी विज्ञापन बोर्ड शुल्क से निगम को सालाना करीब 1 से 2 करोड़ रुपए ही मिल रहे हैं, जबकि बड़ी संख्या में दुकानें और विज्ञापन बोर्ड निगम के रिकॉर्ड से बाहर हैं। ऐसे में शहर की दो लाख से अधिक दुकानों का सर्वे कर सभी विज्ञापन बोर्डों का डेटा तैयार किया जाएगा। इसके बाद नियमों के तहत शुल्क वसूली होने से निगम की आय बढ़ने की उम्मीद है।

मार्केट विभाग ने सर्वे और शुल्क वसूली के लिए ठेकेदार एजेंसी नियुक्त करने हेतु टेंडर जारी किए हैं। एजेंसी मुख्य मार्गों से लेकर गली-मोहल्लों, कॉलोनियों और बाजारों तक दुकानों का सर्वे करेगी। खासतौर पर 3 फीट से ऊंचे विज्ञापन बोर्ड चिह्नित किए जाएंगे। सर्वे के बाद निगम के पास दुकानों और विज्ञापन बोर्डों का अपडेट रिकॉर्ड भी तैयार हो जाएगा। दुकान के नाम वाले बोर्ड पर शुल्क नहीं लगेगा, लेकिन दुकान के बोर्ड पर किसी अन्य कंपनी के उत्पाद का प्रचार-प्रसार, लोगो या ब्रांडिंग होने पर नियमानुसार शुल्क देना होगा। कई दुकानदार बिना अनुमति ऐसे बोर्ड लगा रहे हैं। इन पर मप्र आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम-2017 के तहत कार्रवाई की जाती है।

5 पॉइंट में समझें असर

- आय बढ़ेगी : अभी 1-2 करोड़ रुपए की सालाना वसूली, नए सर्वे से राजस्व बढ़ाने का लक्ष्य।
- छूटे बोर्ड पकड़ में आएंगे : रिकॉर्ड से बाहर दुकानों और विज्ञापन बोर्डों की पहचान होगी।
- दो लाख दुकानों का डेटा : पूरे शहर का नया रिकॉर्ड तैयार होगा।
- ब्रांडिंग पर शुल्क : दूसरी कंपनी के उत्पाद के प्रचार वाले बोर्ड पर शुल्क लगेगा।
- निगम की निगरानी : एजेंसी सर्वे करेगी, लेकिन प्रक्रिया पर निगरानी निगम अधिकारियों की रहेगी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सम्भाग धार
एवं सदस्य सचिव, जिला वॉश तकनीकी समिति धार, जिला धार (म.प्र.)

email EMail- eeresdhar@mp.gov.in,eeresdhar@ rediffmail.com

क्रमांक 3705/निविदा/2026-27 **इन्दौर दिनांक-23.09.2026**

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-02-(2026-27)

जिला वॉश तकनीकी समिति धार द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत (ग्रामीण नलजल योजना संचालन संधारण एवं प्रबंधन) नियम 2026 की कंडिका 12 के प्रावधानों के अन्तर्गत ग्रामीण नल जल योजनाओं के वृहद मरम्मत, रखरखाव एवं स्त्रोत तथा पाइप लाइन विस्तार कार्यों हेतु कंडिका 14 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत एजेंसियों को जनपद स्तर पर सूचीबद्ध (empanel) करने के लिए पात्र आवेदकों से निर्धारित समयसीमा अनुसार ऑनलाइन http://mptenders.gov.in पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेण्डर नम्बर	जिले का नाम	जिले में जनपद पंचायतों के नाम	सूचीबद्धता शुल्क (रु.)	निविदा दस्तावेज शुल्क (रु.)	सूचीबद्धता की अवधि (माह)
1.	2026_RES_538076	धार	धार, तिरला, नालछा सरदारपुर, बाग, बदनावर	50,000	1,000	24 माह

कंडिका (1) निविदा सम्बंधी समय सारणी

क्र.	विवरण	प्रारम्भ का दिनांक समय	अंतिम दिनांक/समय
1	निविदा क्रय करने की तिथि	29.09.2026 10.00 AM	09.10.2026 17.30 PM
2	निविदा सम्बंधी दस्तावेज ऑनलाइन जमा की तिथि	29.09.2026 10.00 AM	09.10.2026 17.30 PM
3	निविदा सम्बंधी तकनीकी दस्तावेज का परीक्षण की तिथि	12.10.2026 10.00 AM	

तकनीकी प्रस्ताव दिनांक 12.10.2026 प्रातः 10.00 से इस कार्यालय में खोले जावेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने हेतु विस्तृत निविदा व अन्य विवरण http://mptenders.gov.in वेबसाइट पर एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय में देखी जा सकती है। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतिक्षा न कर निर्धारित समय सारणी अनुसार निविदा की ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण करें। वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा. ई-निविदा जारी होने के बाद अगर निविदा में कोई संशोधन किया जाता है तो प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की जावेगी, संशोधन केवल शासकीय पोर्टल http://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन ही जारी किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सम्भाग धार
एवं सदस्य सचिव, जिला वॉश तकनीकी समिति
जिला धार (म.प्र.)

जी-19151/26

भारत-वेस्टइंडीज मैच से पहले चमक रहा होलकर स्टेडियम

मैदान को ठीक करने से लेकर सौंदर्यीकरण का काम तेजी पर

15 साल बाद इंदौर आ रही वेस्टइंडीज की टीम

इंदौर। वेस्टइंडीज की टीम के इंदौर दौरे को लेकर मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने होलकर स्टेडियम में तैयारियां तेज कर दी हैं। आगामी माह की 11 तारिख को टी-20 मुकाबले को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण का काम युद्धस्तर पर जारी है।

आउटफील्ड और पिच की तैयारी- एमपीसीए के मुख्य क्यूरेटर मनोहर जामले ने बताया कि स्टेडियम में सबसे पहले आउटफील्ड को समतल करने का काम किया जा रहा है। पिछले दो माह से स्टेडियम में जूनियर, महिला व सीनियर टीमों के कैंप चल रहे थे, जिसके कारण मैदान में काफी गड्ढे हो गए थे और कई जगह घास उखड़ गई थी, जिसे ठीक करने और मैदान के गड्ढे भरने का काम जारी है । बारिश का दौर थमते ही मुख्य पिच का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

काली मिट्टी की पिच- टी-20 फॉर्मेट में बल्लेबाजों की मददगार और तेज रफ्तार मुकाबले के लिहाज से इस बार भी काली मिट्टी की पिच तैयार की जाएगी। इंदौर का मैदान हमेशा से ही बल्लेबाजों के लिए मददगार रहा है और यहीं पर रोहित शर्मा ने टी-20 में शतक लगाया था और जो अब तक इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर है।

स्टेडियम का कायाकल्प- दर्शकों और खिलाड़ियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए स्टेडियम के हर हिस्से पर ध्यान दिया जा रहा है, स्टैंड्स में खराब सीटों को बदला जा रहा है और टूटी कुर्सियों की मरम्मत जारी है। साथ ही जहां भी टाइल्स टूटी है या अन्य कुछ रिपेयर करना है वह काम तेजी से किया जा रहा है।

ड्रेसिंग रूम व सौंदर्यीकरण- ड्रेसिंग रूम को आधुनिक लुक देने के साथ-साथ पूरे स्टेडियम परिसर में पेंटिंग और सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के लिए अत्याधुनिक बाथरूम तैयार किए जा रहे है।

ऐतिहासिक मैदान और वीरेंद्र सहवाग की ऐतिहासिक पारी- इंदौर का यह मैदान क्रिकेट इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज है । इसी मैदान पर वनडे क्रिकेट का दूसरा दोहरा शतक बना था। 15 साल पहले वर्ष 2011 में वेस्टइंडीज के ही खिलाफ वीरेंद्र सहवाग ने 219 रनों की तूफानी दोहरी शतकीय पारी खेलकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। सचिन तेंदुलकर के बाद वे दूसरे खिलाड़ी बने थे, जिन्होंने वनडे में दोहरा शतक लगाया था। अब 15 साल के लंबे इंतजार के बाद वेस्टइंडीज की टीम एक बार फिर होलकर स्टेडियम के मैदान पर उतरने जा रही है, जिसे लेकर इंदौर के क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है।

रोहित ने लगाया था सबसे तेज शतक- रोहित शर्मा ने 22 दिसंबर 2017 को इंदौर के होलकर स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मैच में सिर्फ 35 गेंदों पर शतक लगाया था। रोहित ने इस मैच में 43 गेंदों पर कुल 118 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और 10 छक्के शामिल थे।

मिशिता, प्रांशी, आरना, केयोना, पिहू, याशी, स्वाति, ईशा अंतिम-8 में

इंदौर। रमेश एंड रमेश स्पोर्ट्स क्लब, जानकी नगर में खेली जा रही 63,000 रुपये इनामी राशि वाली तीसरी रमेश एंड रमेश ट्रॉफी इंदौर जिला ओपन जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता के सभी वर्गों के प्री-क्वार्टर फाइनल खेले गए ।

बालिका अंडर-11 के क्वार्टर फाइनल में दिशी शर्मा ने चार्वी सिंघल को 15-11, 15-05 से, मियारा भूमरकर ने काव्या हरीश को 15-07, 15-10 से, आराध्या ठाकुर ने रित्वी चोपड़ा को 15-3, 15-3 से, आर्ना शुक्ला ने रित्वी जैन को 15-02, 15-08 से, यार्निका चौरे ने दिवा गुलाटी को 15-05, 15-03 से, भुवनिका निजारा ने आर्या पगारिया को 15-5, 15-09 से, अनाया बंथिया ने भूमिजा गुप्ता को 15-04, 15-04 से हराया ।

बालिका अंडर-13 क्वार्टर फाइनल में आरिशा जैसवाल ने यार्निका चौरे को 15-8, 15-7 से , आन्वी तिवारी ने तान्या अग्रवाल को 15-2, 15-12 से , निया तेहलानी ने आराध्या ठाकुर को 15-12, 15-8 से , जाह्नवी अहुजा ने शरण्या खंडेलवाल को 15-2, 15-5 से , गिरिजा जाधव ने आरोही गोयल को 15-7, 15-6 से , अश्वनी वर्मा ने आरवी गुप्ता को 15-6, 15-3 से , अनाया बंथिया ने दिशी शर्मा को 15-2, 15-4 से , अनन्या राठौर ने अद्वित्या शर्मा को 15-7, 15-3 से हराया ।

बालिका अंडर-15 में पहुंचे 8 खिलाड़ी): आरवी गुप्ता ने तान्या अग्रवाल को 15-1, 15-12 से , हर्षिता छाबड़ा ने ईशिता यादव को 15-4, 15-1 से , अनन्या राठौर ने अद्वित्या शर्मा को 15-2, 15-8 से , दिशी शर्मा ने यार्निका चौरे को 15-8, 15-8 से , निया तेहलानी ने विधि चौधरी को 15-2, 15-8 से , अवनी शर्मा ने जाह्नवी अहुजा को 15-11, 9-15, 15-12 से , आरिशा जैसवाल ने आरोही अग्रवाल को 15-6, 15-8 से , आन्वी तिवारी ने शरण्या खंडेलवाल को 15-10, 15-10 से हराया ।

बालक अंडर-9 के क्वार्टर फाइनल में एकाग्र सोनी ने सुचये देव को 14-15, 15-13, 15-11 से , अर्जुन असावा ने स्वरांश पचौरी को 15-0, 15-2 से , तेजस्व भट्ट ने विलुव राठी को 15-1, 15-4 से , आरव कश्यप ने कियांश बंसल को 15-3, 15-13 से , रेयांश जैन ने रोहन धींधवाल को 15-8, 15-7 से , दिक्षांत राठौर ने विवान लड्ढा को 15-9, 15-10 से , निहित मतलानी ने राजबीर खन्ना को 15-10, 15-6 से , अव्युक्त गुलहाटी ने शर्विल दुबे को 15-3, 15-12 से हराया। बालक अंडर-11 के क्वार्टर फाइनल में स्वरांश जैन ने अव्युक्त गुलहाटी को 15-9, 15-14 से , नीव जैन ने रोहन धींधवाल को 15-05, 15-01 से , अनय जैन ने अयांश सुराना को 15-13, 15-10 से , रक्षित यादव ने कर्ण खंडेलवाल को 15-08, 15-09 से , जसराज छाबड़ा ने रेवांश कटारे को 15-13, 15-09 से , किहान गोयल ने नैतिक बजाज को 15-08, 15-11 से , यथर्व भारद्वाज ने अर्पण गांधी को 15-11, 15-13 से , हर्षवर्धन राजपूत ने सरवज्ञा रावल को 15-07, 15-10 से हराया।

इंदौर के अर्थ रूस में लहराएंगे भारत का परचम

इंदौर। इंदौर के युवा शतरंज खिलाड़ी अर्थ तपाड़िया 20वीं एशियन स्कूल्स चेस चैंपियनशिप-2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता 1 से 11 अक्टूबर तक तुला, रूस में आयोजित होगी। अर्थ अंडर-17 वर्ग में भारत की ओर से स्पर्धा करेंगे। प्रतियोगिता में एशिया के विभिन्न देशों के युवा शतरंज खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इंदौर के युवा खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना शहर और मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। अर्थ इंदौर की संजय अजीत कासलीवाल चेस एकेडमी पर पीयूष जमींदार से नियमित शतरंज प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। अर्थ की इस उपलब्धि पर परिवार, एमपी एड हॉक कमेटी के कन्वीनर एमआई अक्षत खम्परिया , ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल फतेहचंदानी, डॉ. सुनील सोमानी, शैलेंद्र पब्लिक, पीयूष जमींदार आदि एवं इंदौर के शतरंज समुदाय ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

तनुश्री, जैद और पद्मांजन का मुकाबला कल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रूद्रपुर, उत्तराखंड में आयोजित द्वितीय सीबीएसई नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप 29 सितम्बर को केडेट गर्ल्स ईपी इवेंट में तनुश्री हार्डिया मैच होगा। सब जूनियर बॉयज फॉयल इवेंट में मोहम्मद जैद नवाज़ और सब जूनियर बॉयज सेबर इवेंट में पद्मांजन चौधरी का मुकाबला होगा। 30 सितम्बर को सब जूनियर गर्ल्स फॉइल इवेंट में आकीफा अंसारी और मनुश्री हार्डिया ईपी इवेंट बालिका वर्ग में राधिका सहीते, हानिया फातिमा, इनाया फातिमा, ईपी इवेंट बालक वर्ग में जयदीप वर्मा और अनय उपाध्याय अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगे। बालकों के कोच मास्टर सईद आलम, मेनेजर ओम मौर्य हैं तथा बालिकाओं के कोच निकिता हार्डिया, मेनेजर असद खान हैं। उक्त जानकारी इन्दौर फेंसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष आर्य ने दी।

प्रशांत महंत को सुयश

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में टेबल टेनिस ओपन टूर्नामेंट भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित किया गया था। स्पर्धाओं में इन्दौर शहर के खिलाड़ी प्रशांत महंत ने 55 किलोग्राम वर्ग में सेमीफाइनल में भारत के नंबर वन रैंकिंग प्राप्त खिलाड़ी प्रशांत खिरवड़कर (भोपाल) को 3/2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में महंत ने प्रभाकर राव (रतलाम) को 3/2 से शिकस्त देकर फाइनल मुकाबला जीता। राज्य स्तरीय एक अन्य स्पर्धा के बाद महंत फरवरी में जयपुर होने वाली राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा में प्रतिनिधित्व करेंगे।

राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 4 अक्टूबर इंदौर में

देशभर के विभिन्न राज्यों से सब-जूनियर एवं जूनियर खिलाड़ी करेंगे सहभागिता

इंदौर। मध्य प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष गौतम लश्करी ने बताया कि मध्य प्रदेश में ताइक्वांडो खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 2 से 4 अक्टूबर तक तीन दिवसीय 43 वीं जूनियर एवं 40 वीं सब जूनियर क्योरूगी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन इंदौर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश के इंदौर जिले स्थित चमेली देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रतियोगिता को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए मध्य प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन की पूरी टीम तैयारियों में जुटी हुई है।

गौतम लश्करी ने बताया कि प्रतियोगिता में सब-जूनियर एवं जूनियर वर्ग के खिलाड़ी देश के विभिन्न राज्यों से इंदौर पहुंचकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभावान खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिससे इंदौर में ताइक्वांडो खेल का एक बड़ा राष्ट्रीय मंच तैयार होगा।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा एवं अनुभव साझा करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जाएगा। मध्य प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर तैयारियां की जा रही हैं। खिलाड़ियों के ठहरने, प्रतियोगिता स्थल, खेल व्यवस्थाओं, तकनीकी संचालन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित टीमों के साथ समन्वय किया जा रहा है। 2 से 4 अक्टूबर तक इंदौर में होने वाली यह राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता मध्य प्रदेश के खेल जगत के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन होगी, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के युवा ताइक्वांडो खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

बेटों की लड़ाई छुड़ाने पहुंचे पिता की मौत

कलयुगी बेटे ने ही उतारा मौत के घाट, सरिए पर गिरने से पेट में घुसा लोहा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सिमरोल थाना क्षेत्र में दो बेटों के आपसी झगड़े को शांत कराने पहुंचे पिता की दर्दनाक मौत का मामला सामने आया है। दोनों भाइयों में हो रही मारपीट को रोक रहे पिता पर एक बेटे ने गुस्से में आकर लकड़ी के डंडे से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले के झटके से पिता अनियंत्रित होकर सड़क पर पड़े लोहे के सरिए पर जा गिरे, जिससे सरिया उनके पेट में आर-पार हो गया। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराने के बाद इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी बेटे को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

सिमरोल के अनुसार, घटना ग्राम चोरल में पानी की टंकी के पास स्थित आवास योजना कॉलोनी में घटी। मृतक की पहचान 43 वर्षीय दिनेश पिता हिंदूसिंह, निवासी ग्राम चोरल के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि घटना की रात दिनेश के दो बेटों, वीरेंद्र उर्फ छोटू और कन्हैया के बीच किसी बात को लेकर सड़क पर कहासुनी और मारपीट हो रही थी। बेटों को झगड़ते देख पिता दिनेश तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों को शांत कराते हुए बीच-बचाव करने लगे। इसी बीच उग्र हुए आरोपी बेटे वीरेंद्र उर्फ छोटू ने आपा खो दिया और पास पड़े डंडे से अपने ही पिता के सिर पर जोरदार वार कर दिया। सिर में गहरी चोट लगते ही दिनेश लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े, जहां निर्माण कार्य के लिए रखा लोहे का सरिया सीधे उनके पेट में जा घुसा। परिजन आनन-फानन में उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद अगले दिन उपचार के दौरान उनकी सांसें थम गईं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर और पेट की अंदरूनी चोटों के कारण मौत की पुष्टि होने पर सिमरोल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पुत्र वीरेंद्र उर्फ छोटू के खिलाफ हत्या केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

राजबाडा पर हादसे के बाद बस फोड़ने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कल दोपहर राजबाडा पर बस की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। पीएम-ई बस सेवा की खडी बस स्टाप से अचानक से आगे बढ़ गई। बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। इधर पुलिस ने बस में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

राजबाडा पर कल दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब बस क्रमांक एमपी 09 बीएस 8926 अचानक आगे बढ़ गई और तीन लोगों को चपेट में ले लिया। हादसे में गणेश और जितेन्द्र की मौत हो गई, वहीं एक व्यक्ति का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इधर हादसे के बाद कुछ लोगों ने बस में तोड़फोड़ कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में फरियादी तशील पिता रवीन्द्र सोलंकी निवासी बियाबानी की शिकायत पर अभिषेक उर्फ राघवेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी न्यू गोविन्द नगर, ओम विजय यादव निवासी अहिल्या पल्टन के खिलाफ बस के कांच फोड़ने और बॉडी को क्षतिग्रस्त करने पर प्रकरण दर्ज किया है। राजवाड़ा पर अब सिटी बस व्यवस्था को लेकर पुलिस अपना प्लान बना रही है। बीती रात यातायात के अफसरों ने दौरा भी किया था, जिसके बाद अब वे बैठक कर निर्णय लेंगे। इधर, आज राजवाड़ा और आसपास के क्षेत्र के लोगों में सुबह भी दहशत का माहौल बना है। कल के हादसे को लेकर चर्चा होती रही।

ब्राउन शुगर के साथ आरोपी गिरफ्तार

टीसीएस कंपनी के पास घेराबंदी कर पकड़ा,सीट कवर में छिपा रखी थी ड्रग्स

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर की टीम को एक और सफलता मिली है। गश्त और चेकिंग के दौरान पुलिस ने सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में टीसीएस कंपनी के पीछे वाली रोड पर घेराबंदी कर एक शातिर तस्कर को धरदबोचा। आरोपी के कब्जे से 12 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर और घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर गहन पूछताछ शुरू कर दी है।

क्राइम ब्रांच की टीम सुपर कॉरिडोर होते हुए टीसीएस के गेट नंबर 3 के पास चेकिंग और संदिग्धों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान काले रंग की हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल पर बैठा एक युवक पुलिस टीम को देखकर अचानक हड़बड़ाने लगा और भागने की कोशिश करने लगा। संदेहास्पद स्थिति देखकर पुलिसकर्मियों ने तुरंत घेराबंदी कर उसे रोक लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अजय सूर्यवंशी निवासी राजेंद्र नगर,बताया। जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी ने खुद ही मोटरसाइकिल के सीट कवर में छिपाई हुई पन्नी निकालकर पेश की, जिसकी जांच करने पर 12 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद हुई। बरामद की गई ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1,20,000 बताई जा रही है, जबकि जब्त मोटरसाइकिल की कीमत 50,000 है। कुल 1,70,000 का मशरूका जब्त कर आरोपी अजय सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी 10वीं तक पढ़ा-लिखा है और सब्जी बेचने के काम की आड़ में नशा तस्करी में लिप्त था। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है, जिसके खिलाफ थाना भंवरकुआं में हत्या के प्रयास और राजेंद्र नगर थाने में पूर्व से आपराधिक मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच की टीम अब आरोपी से ड्रग्स के मुख्य सप्लायर, नेटवर्क और स्थानीय खरीदारों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

बेकाबू बाइक ने बुजुर्ग को रौंदा, इलाज के दौरान मौत

इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र स्थित मूसाखेड़ी में तेज रफ्तार बाइक चालक ने सड़क किनारे पैदल चल रहे एक 86 वर्षीय बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सिर पर गंभीर चोट आने से बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, हादसा मूसाखेड़ी स्थित बैग फैक्ट्री के पास हनुमान मंदिर के सामने हुआ। साटम पार्क कॉलोनी निवासी शिवदयाल पिता सुक्कू यादव (86) सुबह मंदिर के पास से पैदल गुजर रहे थे। तभी बाइक एमीप-09 वीएल 8046 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण खून बहने लगा और अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। आजाद नगर पुलिस बाइक नंबर के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

सड़क हादसे में फायनेंस कम्पनी के कर्मचारी की गई जान

दो बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लसूडिया थाना क्षेत्र में बाइक सवार की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घटना कल रात करीब 8 बजे की है। लसूडिया क्षेत्र के फिटनेस चौराहा के समीप खालसा चौक से गुजर रहे सुनील पिता प्रेमसिंह (35) निवासी सिंगापुर टाउनशिप बाइक से जा रहे थे, तभी ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। परिजन युवराज ने बताया कि सुनील एयू फायनेंस कम्पनी में काम करते थे। परिवार में पत्नी और दो बेटियां है।

चोइथराम फ्रूट मंडी में देर रात भीषण आग, 5 ठेले जलकर खाक

दमकल की गाड़ियों ने 5 हजार लीटर पानी बहाकर करीब एक घंटे में पाया काबू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बीती रात चोइथराम फ्रूट मंडी में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की चपेट में आने से मंडी स्थित एक दुकान में रखे बड़ी मात्रा में सेवफल और पास ही खड़े पांच हाथ-ठेले जलकर स्वाहा हो गए। आग की ऊंची लपटें उठते ही मौके पर मौजूद व्यापारियों और सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही तत्काल पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पानी की बौछारें कर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

फायर ब्रिगेड को, बीती रात लगभग साढ़े 11 बजे चोइथराम मंडी स्थित एक दुकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। खबर मिलते ही मोती तबेला फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां और बचाव दल को तुरंत रवाना किया गया। दमकलकर्मियों ने मंडी पहुंचकर मोर्चा संभाला और रात करीब 12:10 बजे तक आग को शांत किया। आग बुझाने के दौरान लगभग 5 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल किया गया। इस भीषण अग्निकांड में दुकान स्वामी विक्की पिता मोतीराम के रखे सेवफल के डिब्बे व वहां खड़े 5 ठेले जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि दुकान के पास से गुजर रही बिजली की लाइनों में शार्ट सर्किट होने की वजह से यह हादसा हुआ। आग लगते ही दमकल के पहुंचने से पहले स्थानीय दुकानदारों और मंडी के सुरक्षा गार्डों ने अपने स्तर पर पानी डालकर आग पर काबू पाने की भरसक कोशिश की, जिससे आग आसपास की अन्य दुकानों में नहीं फैल सकी।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।